दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित






● नई दिल्ली।। बुधवार 24 जुलाई -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 285 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







# बजट में हर वर्ग का रखा गया ध्यान : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट पेश किया। उन्होंने लगातार सातवीं बार बजट प्रस्तुत किया है। वित्त मंत्री के बजट भाषण के बाद सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। बजटे पेश करने के बाद वित्त मंत्री प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मीडिया के सवालों का जवाब भी दिया। इस दौरान उन्होंने जोर देकर कहा, इस बजट में रोजगार से जुड़ी हर एक बात शामिल है। जबकि पीएम मोदी ने इस बजट को समाज के हर वर्ग को शक्ति देने वाला बताय। उन्होंने कहा, ये देश के गांव, गरीब, किसान को समृद्धि की राह पर ले जाने वाला बजट है।



बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा, 2024-25 में फिस्कल डेफिसिट का 4.9% रहने का अनुमान है। लक्ष्य घाटे को 4.5% से नीचे पहुंचाना है। इसके अलावा सरकार ने मोबाइल और चार्जर पर कस्टम ड्यूटी घटाकर 15 फीसदी कर दी है, जिससे ये सस्ते हो जाएंगे। सीतारमण ने ऐलान किया कि नियम और भी आसान बनाए जाएंगे।

बजट पेश करने से पहले वित्त मंत्री राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करने और उनके हाथों से दही-चीनी खाने के बाद बजट का डिजिटल बही खाता लेकर संसद भवन पहुंचीं। इस दौरान उनके साथ उएअ अनंत नागेश्वरन और वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी समेत वित्त मंत्रालय के तमाम बड़े अधिकारी भी मौजद रहे। सुबह 11 बजे वित्त मंत्री का लोकसभा में बजट भाषण शुरू हुआ।

इससे एक दिन पहले वित्त मंत्री ने सोमवार को लोकसभा में वित्त वर्ष 2023-24 की आर्थिक समीक्षा या आर्थिक सर्वे पेश किया। आर्थिक सर्वे सरकार की तरफ से केंद्रीय बजट से पहले पेश किया जाने वाला सालाना दस्तावेज है, जिसमें अर्थव्यवस्था की स्थिति की निष्पक्ष समीक्षा होती है। इसमें कहा गया कि वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत की ग्रोथ रेट चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 से सात प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है।

बड़ी बात ये है कि निर्मला सीतारमण लगातार सात बजट भाषण पेश करने वालीं देश की पहली वित्त मंत्री बन कर इतिहास रच दिया है।

## यूपी को केंद्र से मिलेंगे 2.44 लाख करोड़, 72 लाख नए उद्यमी होंगे तैयार

**ऋण गारंटी योजना से यूपी में पैदा होंगे 22 लाख नए उद्यमी**

**मुद्रा योजना की सीमा बढ़ाए जाने से लाभान्वित होंगे 24 लाख उद्यमी**

**यूपी में हाईवे के लिए मिलेगा 40 हजार करोड़**

**यूपी के 50 लाख छात्रों के लिए जगी उम्मीद**

**ट्रेड्स योजना से 20 लाख उद्यमियों की हालत सुधरेगी**

**नई दिल्ली।** यूपी को केंद्र सरकार से चालू वित्त वर्ष में 2.43 लाख करोड़ रुपये मिलेंगे। यह राशि केंद्रीय करों में राज्यांश और ब्याज मुक्त लोन के मदों के तहत मिलेगी। यह राशि अंतरिम बजट के मुकाबले करीब 7482 करोड़ रुपये अधिक है। वहीं, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम (एमएसएमई) सेक्टर के लिए बजट में दी गई घोषणाएं यूपी के लिए सौगात बनकर आई हैं। ये बजट यूपी में 72 लाख नए उद्यमी पैदा करेगा। बजट में नौजवानों, छात्रों, किसानों और छोटे-मझोले उद्यमियों




पर विशेष फोकस किया गया है। मुफ्त राशन योजना का लाभ प्रदेश के 15 करोड़ लोगों को अगले पांच साल तक मिलता रहेगा।

एक फरवरी को आए अंतरिम बजट में केंद्रीय करों में उत्तर प्रदेश का अंश 218816.84 करोड़ रुपये था, जोकि आम बजट में बढ़कर 223737.23 करोड़ रुपये हो गया है। केंद्र की ओर से राज्यों की सहायता योजना के तहत 50 वर्ष के लिए ब्याज मुक्त लोन दिया जाता है। यूपी को पिछले वित्त वर्ष में करीब 17938 करोड़ रुपये मिले थे, जो चालू वित्त वर्ष में 20,500 करोड़ रुपये होगा।

ये बजट 20 लाख इकाइयों को संजीवनी देगा। कम से कम एक करोड़ कामगारों को रहने के लिए छत देगा। प्रदेश सरकार में एमएसएमई, रेशम व खादी मंत्री राकेश सचान ने बताया कि बजट में घोषित 12 में से कम से कम दो औद्योगिक पार्क यूपी में लाए जाएंगे।

बजट में एमएसएमई के लिए पेश ऋण गारंटी योजना यूपी के उद्यमियों को सबसे ज्यादा राहत देगी।

एमएसएमई विभाग के मुताबिक करीब 22 लाख नए उद्यमियों की पौध केवल इस योजना से ही तैयार होगी। यहां बता दें कि यूपी में देशभर में सबसे ज्यादा 96 लाख से ज्यादा एमएसएमई इकाइयां हैं।

## नगर निगम हाउस टैक्स बढ़ाने पर बोले नदियापार के पार्षद

# सर्किल रेट का करेंगे विरोध

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में हाउस टैक्स बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। नए वित्तीय वर्ष 2024 से शहर के लोगों को सर्किल रेट के हिसाब से हाउस टैक्स देना पड़ सकता है। इसके लिए नगर निगम प्रशासन ने तैयार कर ली है। यह बढ़ोतरी रोड की चौड़ाई से लेकर उसकी लोकेशन के अनुसार तय होगी। इसकी सार्वजिक सूचना भी लोगों के लिए जारी की गई है। अभी तक नगर निगम पुरानी पॉलिसी के हिसाब से टैक्स वसूल रहा है।




डीएम सर्किल रेट पर जब नदियापर के पार्षदों से बात की गई तो कुछ बोले टैक्स बढ़ाया जाए लेकिन सर्किल रेट पर नहीं, उसका खुलकर करेंगे विरोध।

### जिन भवनों पर नहीं लगा टैक्स, उनसे करें वसूली: कविता भाटी



भाजपा पार्षद कविता भाटी ने कहा कि नगर निगम 70 प्रतिशत लोगों से टैक्स ले रहा है और 30 प्रतिशत छूटे हुए हैं। दरें बढ़ाकर उन्हीं लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ाने का काम किया जा रहा है, जो पहले से टैक्स दे रहे हैं। टैक्स नहीं देने वालों से वसूली की जाए डीएम सर्किल रेट के हिसाब संपत्ति कर बढ़ाने के आदेश का नगर निगम सदन में इस का पूरा जमकर विरोध करेंगे।

### जनता की सुविधा के लिए निगम में रखें बात: सतेंद्र चौधरी



भाजपा पार्षद सतेंद्र चौधरी ने कहा कि जब सदन में रखा जाएगा प्रस्ताव उस के नुकसान व फायदे देखकर करेंगे, विचार किन्तु जनता के साथ है। जनता की सुविधाएं के हिसाब से डीएम सर्किल रेट के हिसाब से संपत्ति कर लागू नहीं होना चाहिए।

### जरूरत पड़ी तो सड़क पर उतरकर करेंगे आंदोलन: हिमांशु शर्मा



भाजपा पार्षद हिमांशु शर्मा ने कहा कि सर्किल रेट का खुलकर विरोध करेंगे, यदि क्षेत्र की जनता पर टैक्स का बोझ डालकर उनका दमन करने की जो नीति बनाई जा रही है। उसका में जोरदार तरीके से विरोध करूंगा। इस के लिए जरूरत पड़ेगी, तो सड़क पर उतरकर आंदोलन करुगा।

### सर्किल रेट के हिसाब से संपत्ति कर बढ़ाया है, जो उचित नहीं: भूपेंद्र उपाध्याय



भाजपा पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने कहा कि निगम अधिकारियों ने डीएम सर्किल रेट के हिसाब से संपत्ति बढ़ाया है जो उचित नहीं है। आदेश को निरस्त किया जाए। यह डेढ़ वर्ष पूर्व जिस आदेश को निरस्त किया जा चुका है, उसे लागू किस आधार पर कर दिया गया। जब तक 90 प्रतिशत संपत्तियों से कर वसूली नहीं हो, तब तक किसी भी तरह की दरें नहीं बढ़नी चाहिए। डीएम सर्किट का खुलकर विरोध किया जाएगा।

**हाउस टैक्स बढ़ाने की नगर निगम प्रशासन ने तैयार कर ली है। यह बढ़ोतरी रोड की चौड़ाई से लेकर उसकी लोकेशन के अनुसार तय होगी। इसकी सार्वजनिक सूचना भी जारी की गई है।**

### डीएम सर्किल रेट के हिसाब से संपत्ति कर लागू नहीं होना चाहिए: संजय सिंह



भाजपा पार्षद संजय सिंह ने कहा कि नगर निगम को चलाने के लिए पैसे की जरूरत होती है, ओर पैसा होगा तो क्षेत्र का विकास होगा, इसके लिए टैक्स वृद्धि होनी चाहिए। लेकिन डीएम सर्किल रेट के हिसाब से संपत्ति कर लागू नहीं होने दिया जाएगा। अगर ऐसा हुआ तो खुलकर विरोध करेंगे।

## छह महीने में बढ़ गई गाजियाबाद में सड़क हादसों की संख्या और मृत्यु का ग्राफ

**जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में आंकड़ा आया सामने**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में लगातार सड़क हादसों में इजाफा हो रहा है। 1 जनवरी 2024 से लेकर 30 जून 2024 के तुलनात्मक अध्ययन से सामने निकल कर आया है कि गाजियाबाद में दुर्घटनाओं की संख्या में 10% की वृद्धि हुई है। तो वहीं मृतकों की संख्या में भी 24% का इजाफा पाया गया है। सड़क हादसों और उसमें जान गंवाने वाले लोगों के लिहाजा एक गंभीर मामला है। इसके साथ ही कमिश्नरेट के अंतर्गत आने वाले तीनों जोन को मिलाकर कुल 18 ब्लैक स्पॉट दुर्घटना बहुल स्थान भी चिन्हित किए गए हैं। इन ब्लैक स्पॉट को लेकर रिपोर्ट भी भेजी गई है। मंगलवार को महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला सड़क सुरक्षा समिति से संबंधित निगरानी रखने वाले परिवहन विभाग, यातायात पुलिस, नगर निगम, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, स्वास्थ्य विभाग व शिक्षा विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।





### पुलिस और परिवहन विभाग दे हेलमेट और सीट बेल्ट लगवाने पर ध्यान

करंट क्राइम : 6 महीने की तुलनात्मक रिपोर्ट बता रही है कि गाजियाबाद में न सिर्फ सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा हुआ है बल्कि सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या भी 24% बढ़ी है, यह एक गंभीर विषय है। इसको लेकर परिवहन विभाग और यातायात पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सड़क सुरक्षा से जुड़े अभियान तेज हों। वहीं हेलमेट, सीट बेल्ट, मोबाइल फोन इस्तेमाल, ओवर स्पीडिंग व रॉन्ग साइड ड्राइविंग के विरुद्ध कार्रवाई करने के साथ ही व्यापक अभियान चलाया जाए। साथ ही ऐसे लोग जो लगातार यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं, उनके ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने की भी कार्रवाई करने में देरी न की जाए।

### स्टेट हाईवे से लेकर अन्य सड़कों पर भी लाया जाए सड़क हादसों में सुधार

करंट क्राइम : मंगलवार को जिला अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में हुई जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में इस बात को लेकर भी गंभीरता बरती गई है कि स्टेट हाईवे और जिले की प्रमुख सड़कों पर जो ब्लैक स्पॉट थे, इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए। जहां पर ब्लैक स्पॉट थे, इसके लिए यातायात निदेशालय उत्तर प्रदेश का भी सहयोग लिया जाए। यह भी जांचा जाए की ब्लैक स्पॉट के आसपास अधिक दुर्घटना होने का मुख्य कारण क्या है। साथ ही सड़क हादसों में कमी लाने के लिए लोकल स्तर पर अभियान और सुझाव भी लिए जाएं। बैठक में मुख्य रूप से एडीएम सिटी गंभीर सिंह, एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष सिंह, आरटीओ प्रशासन राहुल श्रीवास्तव, एआरटीओ प्रवर्तन अमित राजन राय, एआरटीओ मनोज कुमार मिश्रा सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## इस बार का बजट भारत को आर्थिक मजबूती प्रदान करेगा : नरेंद्र कश्यप

**मजदूर, युवा, महिलाओं और मध्यम वर्ग को मिलेगा फायदा**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री एवं पिछड़ा वर्ग दिव्यांगजन प्रकोष्ठ प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप का कहना है कि मंगलवार को जारी किया गया बजट भारत को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करने वाला होगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मलारमण द्वारा जारी किए गए बजट में जहां युवाओं, महिलाओं, मध्यम वर्ग और बेरोजगारों के लिए तमाम तरीके की सुविधा प्रदान की गई है। वही देश को आर्थिक मजबूती प्रदान करने के लिए कई नए प्रयोग भी किए गए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि यह बजट जनता को राहत प्रदान करेगा और आयकर विभाग का जो नया स्लैब जारी किया गया है। उससे भी आज काफी राहत मिलेगी।

### महिलाओं के लिए रखा गया है खास ध्यान

उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि केंद्र सरकार ने महिला सशक्तिकरण और महिलाओं को लेकर विशेष ध्यान दिया है। महिलाओं से जुड़ी स्कीम के लिए 3 लाख करोड़ का एलिवेशन किया गया है। वही रूरल डेवलपमेंट के लिए दो करोड़ 66 लख रुपए दिए जाएंगे। इसी के साथ लखपति दीदी योजना को अब करोड़पति दीदी योजना के तहत तब्दील किया जाएगा।

### किसानों के लिए भी रखा गया है ध्यान

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा जो बजट पेश किया गया है उसमें किसानों का भी ध्यान रखा गया है। एग्रीकल्चर सेक्टर के लिए 152 करोड़ से अधिक का प्लान बनाया गया है। वहीं ज्यादा उपज वाली 109 फसलों की वैरायटी लाई जाएगी। जलवायु के लिए भी फोकस किया गया है। वही 2 साल में एक करोड़ किसानों को नेचुरल फार्मिंग से जोड़ने जाने का भी लक्ष्य रखा गया है।

## आखिरकार हुई बार एसोसिएशन गाजियाबाद सचिव पद की घोषणा

**एक मत से विजयी हुए अमित नेहरा**

**अमित नेहरा को मिले 891 और हरेंद्र गौतम को 890 मत, मंगलवार को लिस्ट जारी कर हुई घोषणा**

गाजियाबाद, करंट क्राइम : आखिरकार लंबी जांच पड़ताल और आरोप-प्रत्यारोप के दौर के बाद बार एसोसिएशन गाजियाबाद में सचिव पद के लिए घोषणा कर दी गई है। मंगलवार को बार एसोसिएशन गाजियाबाद के सचिव एवं चुनाव संयोजक स्नेह त्यागी ने पत्र जारी करते हुए जानकारी दी है कि सचिव पद पर अमित कुमार नेहरा विजयी हुए हैं। उनको कुल 891 वोट मिले हैं, जबकि हरेंद्र गौतम को 890 और वरुण त्यागी को 754 मत पर हासिल हुए। इस दौरान कुल 2553 अधिवक्ताओं ने मतदान किया था और प्राप्त मत पत्रों की संख्या 2555 रही थी। इस दौरान दो मत पत्र अवैध पाए गए। जो जारी नहीं किए गए थे। वहीं कुल 18 वोट निरस्त किए गए थे। स्नेह त्यागी चुनाव संयोजक ने बताया है कि अब बार एसोसिएशन गाजियाबाद के सचिव पद के रूप में अमित कुमार नेहरा को घोषित माना जाए।

बता दें की 19 जुलाई को बार एसोसिएशन गाजियाबाद में अलग-अलग पदों के लिए मतदान हुआ था।



जिसमें अध्यक्ष पद पर दीपक शर्मा और कार्यकारिणी टीम को उसी दिन चुन लिया गया था लेकिन सचिव पद को लेकर छह बार की रीकाउंटिंग के बाद भी स्थिति स्पष्ट नहीं हुई थी।

### मृदुला राय त्यागी का पत्र भी हुआ जारी

करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद चुनाव में कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्य चुनाव अधिकारी की भूमिका निभाने वाली मृदुला राय त्यागी ने 19 तारीख को बार एसोसिएशन का चुनाव होने के बाद पत्र जारी किया था। उसमें हरेंद्र कुमार को 892 वोट दर्शाए गए थे। वहीं अमित नेहरा को 891 और 754 मत वरुण त्यागी को, इसके बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा देते हुए व्हाट्सएप पर सचिव को यह संदेश भेजा था। वहीं उन्होंने सचिव पद के लिए 25 जुलाई को होने वाले मतदान का विरोध भी किया था। फिलहाल बार एसोसिएशन गाजियाबाद के नए सचिव पद पर अमित नेहरा को घोषित किया गया है।

# नई कर प्रणाली में 17500 रुपये तक का फायदा

## स्टैंडर्ड डिडक्शन से लेकर स्लैब तक में बड़े बदलाव

**नई दिल्ली।** वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण केंद्रीय बजट मंगलवार को लोकसभा में पेश कर दिया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सरकार का 11वां पूर्ण बजट पेश किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने अंतरिम बजट भाषण के दौरान टैक्सेशन से जुड़ा कोई बड़ा बदलाव नहीं किया था, लेकिन इस बार उन्होंने कुछ अहम एलान किए हैं। वित्त मंत्री ने करीब चार करोड़ लोगों को टैक्स से जुड़े लाभ होने की बात कही है। इस बार अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार करों को सरल बनाने, करदाता सेवाओं में सुधार करने, कर निश्चितता प्रदान करने और मुकदमेबाजी कम करने के प्रयासों को जारी रखेगी।



### नई कर प्रणाली के तहत टैक्स स्लैब में बदलाव का ऐलान

इस बार वित्त मंत्री ने नई कर प्रणाली में तीन से सात लाख रुपये तक 5% कर का प्रावधान किया है। वित्त मंत्री ने बजट भाषण में कहा कि तीन लाख रुपए तक की आमदनी पर करदाताओं को कोई टैक्स नहीं देना होगा। सात से दास लाख रुपये तक की आमदनी वालों के लिए 10% टैक्स का प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री के अनुसार नए एलानों से चार करोड़ लोगों को नई कर प्रणाली में 17,500 रुपये तक का लाभ होगा। वित्त मंत्री ने पेंशनभोगियों के लिए पारिवारिक पेंशन पर कटौती 15000 रुपये से बढ़ाकर 25000 रुपये कर दिया है। सरकार के इस फैसले से देश के वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिलेगा।

### कर विवादों के समाधान के लिए विवाद से विश्वास योजना 2024 लाने की तैयारी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि मध्यम और उच्च मध्यम वर्ग के लिए कुछ वित्तीय परिसंपत्तियों पर पूंजीगत लाभ छूट सीमा को बढ़ाकर 1.25 लाख रुपये सालाना करने की योजना है। उन्होंने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट पेश करते हुए वायदा एवं विकल्प प्रतिभूतियों के मामले में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) 0.02 प्रतिशत और 0.1 प्रतिशत बढ़ाने का प्रस्ताव किया। सीतारमण ने कहा कि शेयर पुनर्खरीद से होने वाली आय पर कर लगेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि कर विवाद कम करने के लिए सरकार विवाद से विश्वास योजना 2024 लाने की तैयारी कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के लिए 10 लाख करोड़ रुपये का प्रस्ताव किया गया है। इसके तहत एक करोड़ गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों की आवासीय जरूरतों को पूरा किया जाएगा। सीतारमण ने राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत 12 नये औद्योगिक पार्क विकसित किए जाने की भी घोषणा की।

### कितनी आमदनी वालों को कितना टैक्स देना होगा

- 3,00,000 तक : शून्य
- 3,00,001 से 7,00,000 : 5%
- 7,00,001 से 10,00,000 : 10%
- 10,00,001 से 12,00,000 : 15%
- 12,00,001 से 15,00,000 : 20%
- 15,00,000 से ऊपर : 30% (नई कर प्रणाली में)

### वित्त मंत्री ने एंजल टैक्स हटाने का किया ऐलान

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को स्टार्टअप्स में सभी वर्ग के निवेशकों के लिए एंजल कर (एंजल टैक्स) समाप्त करने की घोषणा की। अपने बजट भाषण में उन्होंने ई-कॉमर्स कंपनियों तथा दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ के संदर्भ में कुछ वित्तीय साधनों के लिए कर दरों में विभिन्न बदलावों की भी घोषणा की। वित्त मंत्री ने कहा, सबसे पहले, भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने, उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देने और नवाचार का समर्थन करने के लिए मैं सभी वर्गों के निवेशकों के लिए तथाकथित एंजल कर को समाप्त करने का प्रस्ताव करती हूं। एंजल कर को हटाने से स्टार्टअप्स को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, क्योंकि इससे उनके लिए अधिक अनुकूल माहौल को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। सीतारमण ने अनिश्चितता और विवादों को कम करने के लिए पुनः खोलने और पुनर्मूल्यांकन के लिए आयकर प्रावधानों को पूरी तरह सरल बनाने का भी प्रस्ताव रखा।




उन्होंने कहा, यदि छूटी हुई आय 50 लाख रुपये या उससे अधिक है तो इसके बाद कर निर्धारण वर्ष की समाप्ति से तीन वर्ष के बाद पुनः खोला जा सकेगा। यह समय कर निर्धारण वर्ष की समाप्ति से अधिकतम पांच वर्ष की अवधि तक रहेगा। वित्त मंत्री ने कहा, यहां तक कि तलाशी के मामलों में भी तलाशी के वर्ष से पहले छह वर्ष की समय सीमा प्रस्तावित की गई है। जबकि वर्तमान में 10 वर्ष की समय सीमा है। इससे कर-अनिश्चितता और विवादों में कमी आएगी ‍। उन्होंने कहा कि वित्तीय और गैर-वित्तीय परिसंपत्तियों पर दीर्घकालिक लाभ पर 12.5 प्रतिशत की कर दर लागू होगी, जबकि ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए टीडीएस दर एक प्रतिशत से घटाकर 0.1 प्रतिशत कर दी जाएगी।

### बजट भाषण में करों पर क्या बोलीं वित्त मंत्री

चैरिटी के मामलों में दो अलग-अलग व्यवस्थाओं की जगह एक कर छूट व्यवस्था होगी।

न्यू टैक्स रिजीम में स्टैंडर्ड डिडक्शन 50 हजार से बढ़ाकर 75 कर दिया गया है। विभिन्न भुगतान के लिए पांच फीसदी टीडीएस की जगह दो फीसदी टीडीएस की व्यवस्था होगा। म्यूच्युअल फंड्स या यूटीआई के री-पर्चेस पर 20 फीसदी टीडीएस को वापस ले लिया गया है।

ईकॉमर्स ऑपरेटर्स के लिए टीडीएस को एक फीसदी से घटाकर 0.1 फीसदी कर दिया गया है। अंतरिम बजट के दौरान वित्त मंत्री ने एलान किया था कि वर्ष 1962 से जितने पुराने करों से जुड़े विवादित मामले चले आ रहे हैं उनमें वर्ष 2009-10 तक लंबित रहे प्रत्यक्ष कर मांगों (डिमांड नोटिस) से जुड़े 25000 रुपये तक के विवादों को सरकार वापस ले लेगी। इसी तरह 2010-11 से 2014-15 के बीच लंबित रहे प्रत्यक्ष कर मांगों से जुड़े 10 हजार रुपये तक के मामलों को वापस लेने का फैसला किया गया था। वित्त मंत्री ने स्टार्टअप्स और पेंशन फंड्स में निवेश करने वालों को मिलने वाले कर लाभ की समयसीमा 31 मार्च 2024 से बढ़ाकर 31 मार्च 2025 करने का एलान किया था। ऐसे में स्टार्टअप्स में निवेश करने वालों को इस बजट से एक साल का अतिरिक्त कर लाभ मिलने की राह खुल गई थी। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने अंतरिम बजट भाषण में बताया था कि पिछले 10 वर्षों में डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में तीन गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। इस दौरान टैक्स रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या में 2.4 गुना का इजाफा हुआ है। वित्त मंत्री ने यह भी बताया था कि आयकर रिटर्न दाखिल करने के बाद करदाताओं को टैक्स रिफंड मिलने में लगने वाले समय में कमी आई है। पहले इसमें औसतन 93 दिन का समय लगता था अब यह कम होकर 10 दिन रहा गया है।

### वित्त मंत्री ने कर व्यवस्था को विवेकपूर्ण बनाने का दावा किया था

वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में करदाताओं को आश्वस्त किया था कि उनके योगदान का देश के विकास और जनता के कल्याण के लिए विवेकपूर्ण उपयोग किया गया है। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि सरकार ने कर दरों में कटौती की है और इन्हें विवेकपूर्ण बनाया है। नई कर योजना के तहत अब 7 लाख तक की आय वाले करदाताओं के लिए कोई कर देनदारी नहीं है। जबकि वित्तीय वर्ष 2013-14 में 2.2 लाख तक की आय वाले करदाताओं को ही कर देनदारी से छूट मिलती थी। टैक्सपेयर्स को मिलने वाली सुविधाओं कहा कि पिछले पांच वर्षों में करदाता सेवाओं में सुधार करने पर हमारा विशेष जोर रहा है।

## बजट दूरदर्शी, विकसित भारत की रखेगा नींव : अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में आम बजट पेश किया। इस आम बजट के बाद तमाम नेताओं की तरफ से प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया है। केंद्रीय गृह अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, बजट 2024-25 मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार का देशवासियों की आशा, आकांक्षा व विश्वास पूर्ति के संकल्प का प्रतिबिम्ब है। यह बजट युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण के साथ-साथ किसानों के लिए अनेक अवसर उपलब्ध करवाकर विकसित व आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम है। इस बजट के माध्यम से देश की भावी पीढ़ी के आत्मबल को मजबूती देने के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई देता हूं। एक दूसरे पोस्ट में उन्होंने लिखा, बजट 2024-25 न केवल पीएम मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के तहत भारत के नए उद्देश्य, उम्मीद और आशावाद की नई भावना का उदाहरण है, बल्कि उन्हें मजबूत भी करता है। भारत के युवाओं, नारी शक्ति और किसानों की शक्ति का उपयोग करते हुए यह बजट रोजगार और अवसरों के एक नए युग की शुरूआत कर एक विकसित राष्ट्र की नींव रखेगा। जन-समर्थक और विकास-समर्थक दूरदर्शी बजट के लिए पीएम मोदी और निर्मला सीतारमण का आभार। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पोस्ट में लिखा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को एक ऐसा बजट पेश करने के लिए बधाई जो विकसित भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाता है। यह बजट उन लोगों की आकांक्षाओं के लिए समर्पित है,



जिन्होंने एनडीए सरकार को लगातार तीसरी बार जनादेश दिया है। वित्त मंत्री द्वारा पेश की गई 9 प्राथमिकताएं भारत की व्यापक राष्ट्रीय शक्ति में योगदान देंगी और इससे अंतरराष्ट्रीय मंच पर हमारी छवि बढ़ेगी। यह बजट नेबरहुड फर्स्ट, एक्ट ईस्ट, ग्लोबल साउथ और विदेश यात्रा करने वाले भारतीयों के लिए सुविधाओं सहित प्रमुख नीतियों को निष्पादित करने के लिए विदेश मंत्रालय को संसाधन प्रदान करता है। वहीं रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पोस्ट पर लिखा, पीएम नरेंद्र मोदी की आर्थिक नीतियों ने समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। यह बजट रोजगार और मध्यम वर्ग के कल्याण पर फोकस के साथ उसी दृष्टिकोण को साझा करता है। रोजगार सृजन के लिए 2 लाख करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। यह एक बहुत बड़ी पहल है। युवा नागरिकों के सपनों को पूरा करने के लिए मैं पीएम नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद देता हूं।

## उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा राहत पैकेज के लिए वित्तमंत्री को कहा 'धन्यवाद'

**देहरादून।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट पेश किया। वहीं, बजट पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खुशी जाहिर की। उन्होंने बजट को उत्तराखंड के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए केंद्र सरकार की तरफ से मिले दैवीय आपदा राहत पैकेज को लैंडस्लाइड और बादल फटने से हुए नुकसान में बहुत उपयोगी बताया। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा, यह बजट एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी बजट है। समावेशी और सर्वग्राही बजट है। देश की जनता ने जिस प्रकार से मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार को अगले पांच साल के लिए निर्वाचित किया है। सरकार का काम उसी प्रकार से अगले पांच सालों के अंदर होने वाला है। किस प्रकार से योजनाएं चलने वाली हैं?, किस प्रकार देश आगे बढ़ने वाला है?, ये बजट उसका एक स्वरूप है। प्रधानमंत्री मोदी का विकसित भारत का जो संकल्प है, उस विकसित भारत में यह बजट मील का पत्थर साबित होगा। यह बजट देश के हर वर्ग को राहत देने वाला है। इस बजट में युवा, गरीब, श्रमिक, महिलाएं, किसान जैसे सभी वर्गों के लिए चिंता कर उसका समावेश किया गया है।



उन्होंने कहा, यह सरकार आमजन की खुशहाली के लिए पिछले 10 वर्षों से काम करती रही है। बजट में जो नौ प्रमुख विषय कृषि, रोजगार, सोशल जस्टिस, मैन्युफैक्चरिंग एंड सर्विस, अर्बन डेवलपमेंट, इंफ्रास्ट्रक्चर, इन्नोवेशन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट और नेक्सट जेनरेशन रिफॉर्म पर मुख्यरूप से फोकस किया गया है। इस बजट में प्रधानमंत्री ग्रामीण योजना को भी काफी विस्तार दिया गया है। उत्तराखंड को मिले दैवीय आपदा पैकेज पर वित्तमंत्री का धन्यवाद देते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा, इस बजट में दैवीय आपदा में हुए नुकसान के लिए भी स्पेशन पैकेज देने की घोषणा की गई। इस घोषणा में उत्तराखंड का जिक्र विशेष रूप से किए जाने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का मैं धन्यवाद करता हूं।

## बजट में मिले तोहफे से गदगद चंद्रबाबू नायडू, पीएम मोदी का किया धन्यवाद

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने मंगलवार को केंद्रीय बजट 2024-25 में की गई घोषणाओं के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद दिया। सीएम का कहना है कि इससे आंध्र प्रदेश के पुनर्निर्माण में काफी मदद मिलेगी। तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष ने आंध्र प्रदेश की जनता की ओर से प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री को धन्यवाद दिया। एन चंद्रबाबू नायडू ने एक्स पर लिखा, आंध्र प्रदेश के लोगों की ओर से मैं पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को हमारे राज्य की जरूरतों को पहचानने और वित्त वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट में राजधानी, पोलावरम, औद्योगिक नोड्स और आंध्र प्रदेश में पिछड़े क्षेत्रों के विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं।

सीएम ने आगे कहा, केंद्र से यह सहायता आंध्र प्रदेश के पुनर्निर्माण में बहुत मददगार साबित होगी। मैं इस प्रगतिशील और आत्मविश्वास बढ़ाने वाले बजट की प्रस्तुति के लिए आपको बधाई देता हूं। आंध्र प्रदेश के मानव संसाधन विकास मंत्री और टीडीपी महासचिव नारा लोकेश ने भी केंद्रीय बजट में की गई घोषणाओं की सराहना की। उन्होंने इस बजट को आंध्र प्रदेश के लिए नया सूर्योदय बताया। चंद्रबाबू नायडू के बेटे लोकेश ने कहा, मैं आज केंद्रीय वित्त मंत्री की ओर से बजट में की गई घोषणाओं से बेहद खुश हूं। ये घोषणाएं आंध्र प्रदेश को उसके विकास और सामाजिक उद्देश्यों को प्राप्त करने में बहुत मदद करेंगी। राज्य के लोगों के लिए यह बहुत गर्व की बात है कि हमारे संघर्ष को मान्यता दी गई है।



## केंद्र को 2.5 लाख करोड़ का कर देती है दिल्ली फिर भी बजट में मिला सिर्फ धोखा : मंत्री आतिशी

*नई दिल्ली। मंत्री आतिशी ने कहा, दिल्ली करीब 2.5 लाख करोड़ का कर केंद्र को देती है। दिल्ली को इस साल 10,000 करोड़ केंद्रीय कर और 10,000 करोड़ एमसीडी के लिए मिलना चाहिए। दिल्ली 2.07 करोड़ केंद्रीय कर और 25,000 करोड़ जीएसटी भरता है। केवल दिल्ली के अलावा हर राज्य को कर (टैक्स) का शेयर वापस मिलता है। आतिशी ने कहा, हमें उम्मीद थी, इस साल दिल्ली के लोगों को उनका शेयर मिलेगा।'*

### बजट में दिल्लीवालों को मिला धोखा

*आतिशी ने कहा कि केंद्रीय बजट में एक बार फिर दिल्लीवालों को धोखा मिला है। इस 2024-25 के बजट में 1 लाख 24 हजार करोड़ रुपये देश के विभिन्न राज्यों को दिए गए हैं, लेकिन दिल्ली वालों को इसमें से एक रुपये भी नहीं मिला है। वहीं, देश की विभिन्न स्थानीय निकायों को 82207 करोड़ रुपये दिए गए हैं, लेकिन दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को एक रुपये इस बजट में नहीं मिला है। दिल्ली ने केंद्र सरकार को पिछले साल 2 लाख 7 हजार करोड़ रुपये आयकर और 25 हजार करोड़ रुपये सीजीएसटी के रूप में दिये। यानी कुल मिलाकर 2 लाख 32 हजार करोड़ का कर दिल्ली के लोगों ने केंद्र सरकार को दिया, लेकिन इसके बावजूद दिल्ली को इस बजट में कुछ नहीं दिया गया है।*



### केंद्र सरकार ने दिल्लीवालों की मांग पूरी नहीं की

*आतिशी ने कहा, 'मोदी सरकार के बजट में दिल्ली की जनता को मिले शून्य रुपये मिले हैं। दिल्ली के लोगों की केंद्र सरकार से मांग थी कि उनके द्वारा कर के रूप में दिए जाने वाले पैसे का 5% हिस्सा उन्हें मिलना चाहिए, लेकिन केंद्र सरकार ने दिल्लीवालों की मांग पूरी नहीं की है। केंद्र सरकार स्थानीय निकाय को आर्थिक सहायता देती है, उसी तरह दिल्ली के लोग भी अपने कर का 5% हिस्सा एमसीडी को देने की मांग कर रहे थे, लेकिन केंद्र सरकार ने एक रुपया भी नहीं दिया है।'*

### पिछले 11 वर्षों में भाजपा की केंद्र सरकार ने दिल्ली के लिए कुछ नहीं किया

*आतिशी ने कहा, 'दिल्ली के लोग हर वर्ष दिल्ली सरकार को 40 हजार करोड़ का कर देते हैं। इस 40 हजार करोड़ के कर से केजरीवाल सरकार दिल्लीवालों को बेहतरीन सरकारी स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक, 24 घंटे मुफ्त बिजली और महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा समेत कई सुविधाएं देती है।' वहीं, दिल्ली के ही लोग भाजपा शासित केंद्र सरकार को हर साल 2 लाख 32 हजार करोड़ रुपये कर के रूप में देते हैं, लेकिन केंद्र सरकार दिल्ली के लोगों को कुछ नहीं देती है।*

## बजट को लेकर कांग्रेस ने कहा, 'सहयोगियों को खुश करने की कोशिश की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आम बजट को लेकर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी। उन्होंने केंद्र के आम बजट को 'कुर्सी बचाओ बजट' बताया। इसके साथ ही उन्होंने सरकार के बजट को 'कॉपी पेस्ट' भी कहा। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "कुर्सी बचाओ बजट। सहयोगियों को खुश करने की कोशिश की गई है। अन्य राज्यों की कीमत पर उनसे खोखले वादे किए गए। इसमें आम भारतीय को कोई राहत नहीं दी गई।" उन्होंने बजट को कांग्रेस के घोषणापत्र और पिछले बजट का कॉपी पेस्ट भी बताया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सकार के बजट पर निशाना साधते हुए लिखा, "कांग्रेस के न्याय के एजेंडे को ठीक तरह से कॉपी भी नहीं कर पाया मोदी सरकार का नकलची बजट। मोदी सरकार का बजट अपने गठबंधन के साथियों को ठगने के लिए आधी-अधूरी रेवड़ियां बांट रहा है, ताकि एनडीए बची रहे। ये देश की



तरक्की का बजट नहीं, मोदी सरकार बचाओ बजट है। 10 साल बाद उन युवाओं के लिए सीमित घोषणाएं हुई हैं, जो सालाना दो करोड़ नौकरियों के जुमले को झेल रहे हैं। किसानों के लिए केवल सतही बातें हुई हैं, डेढ़ गुना एमएसपी और आय दोगुना करना - सब चुनावी धोखेबाजी निकली।" उन्होंने लिखा, "ग्रामीण वेतन को बढ़ाने का इस सरकार का कोई इरादा नहीं है। दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक, माध्यम वर्ग और गांव-गरीब लोगों के लिए कोई भी क्रांतिकारी योजना नहीं है, जैसी कांग्रेस-यूपीए ने लागू की थी। गरीब शब्द केवल स्वयं की ब्रांडिंग करने का जरिया बन गया है, ठोस कुछ भी नहीं है। महिलाओं के लिए इस बजट में ऐसा कुछ नहीं है, जिससे उनकी आर्थिक क्षमता बढ़े और वो वर्कफोर्स में अधिक से अधिक शामिल हों। उल्टा महंगाई पर सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है, जनता की गाढ़ी कमाई लूटकर वो पूंजीपति मित्रों में बांट रही है।" उन्होंने लिखा, "कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, जन-कल्याण और आदिवासियों पर बजट में आवंटन से कम खर्च किया है, क्योंकि ये भाजपा की प्राथमिकताएं नहीं हैं। इसी तरह कैपिटल एक्सपेंडिचर पर 1 लाख करोड़ कम खर्च किया है।

## शहीद चंद्रशेखर आजाद का जन्मदिवस मनाया



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** ज्ञानपीठ केन्द्र 1, स्वरुप पार्क में देश की स्वतंत्रता के लिए प्राणों की शहादत देने वाले क्रन्तिकारी शहीद चंद्रशेषर आजाद के जन्म दिवस समारोह का आयोजन समाजवादी चिन्तक, शिक्षाविद राम दुलार यादव के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ट समाजवादी पार्टी के नेता अवधेश सिंह ने किया, मुख्य अतिथि कैलाशचन्द्र शिक्षाविद रहे, आयोजन इंजी धीरेन्द्र यादव ने, सञ्चालन अनिल मिश्र ने किया। कार्यक्रम में हुकुम सिंह ने देश-प्रेम का गीत सुना, श्रोताओं को आत्म-विभोर कर दिया, कैलाश चन्द्र, अवधेश सिंह, अंशु ठाकुर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। सभी साथियों ने शहीद चन्द्रशेषर आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर, उन्हें स्मरण कर, शहादत को सलाम किया, शहीद के सम्मान में जोरदार नारे लगाये गये, लोगों में जोश भर गया। राम दुलार यादव ने कहा कि बाल्यकाल से चन्द्रशेषर के मन में देश, गाँव, गरीब, किसान, मजदूर के प्रति प्रेम और भाईचारा की भावना थी, देश को अंग्रेजी शासन से मुक्त कराने, शोषण, अन्याय, अत्याचार, पाखंड, रुढ़िवाद को जड़ से खत्म करने के लिए उन्होंने भील बालकों से तीर चलाना सीखा, वह उन लोगों से अपार प्रेम करते थे, वह अचूक निशानेबाज बन गये, और क्रांतिकारियों के दल में शामिल हो थे।, लेकिन काकोरी कांड ने उन्हें झकझोर दिया, भारत की आजादी में इन बलिदानियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही, लेकिन आजाद भारत में आज जैसे सामाजिक गैरबराबरी, धार्मिक पाखण्ड, अकल्पनीय आर्थिक असमानता है, उससे इनके मन में पीड़ा होना स्वाभाविक था। इस अवसर पर राम दुलार यादव, देवकर्ण सिंह, केकैलाश चन्द, एस0 एन0 जायसवाल, मुनीव यादव, ओम प्रकाश अरोड़ा, हुकम सिंह, जसविन्दर सिंह सैनी, राम करन जायसवाल, अनिल मिश्र, अखिलेश कुमार शुक्ल आदि लोग मौजूद रहे।

## 25 साल से कावड़ियों की सेवा कर रहा शिव सेवा कावड़ संघ मकनपुर





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सोमवार से सावन माह शुरू हो जाएगा। शिव भक्त कांवड लाने की तैयारी में जुटे हैं तो शिव सेवा कावड़ संघ मकनपुर इंदिरापुरम भोलो की सेवा के लिए तैयारी कर रही हैं। 25 साल से कावड़ियों की सेवा कर रहे शिव सेवा कावड़ संघ मकनपुर के सदस्य इस बार भी कांवड़ियों की सेवा करेंगे। 25 साल पहले इंदिरापुरम नहर रोड वैभली सेक्टर 4 की पुलिया के पास शिविर शुरू किया जा रहा है। इसकी शुरूआत हरेंद्र मकनपुर लोग निरंतर कावड़ियों के शिविर लगा रहे हैं। संघ की अध्यक्षता करने वाले पार्षद राधेश्याम त्यागी, विनय त्यागी, योगेंद्र त्यागी, नरेंद्र त्यागी, जयवीर त्यागी ने बताया कि शिविर की तैयारी चल रही हैं और 25 जुलाई से शिविर का आयोजन शुरू कर दिया जाएगा। शिविर की शुरूआत के दिन देसी घी से बना भोजन अन्य पकवान से भंडारा लगाया जाएगा। उसके बाद अंतिम दिन तक कावड़ियों के लिए तवे और तंदूर का भंडारा होगा। पूरा भंडारा देसी घी में तैयार किया जाता है। भी डॉक्टर और मसाज वालों की सुविधा भी रहेगी उन्होंने बताया कि शिविर में डॉक्टर की ड्यूटी लगाई जाएगी, जो निरंतर कावड़ियों की जांच करेंगे और उनको जांच कर दवा देंगे।

## बंगाल से जलते हैं पीएम मोदी', बजट पर ममता बनर्जी की पहली प्रतिक्रिया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को संसद में पेश आम बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे जनविरोधी व गरीब विरोधी बजट करार दिया है। विधानसभा में पत्रकारों से बातचीत में ममता ने कहा कि आम बजट में बंगाल के साथ फिर सौतेला व्यवहार किया गया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी पश्चिम बंगाल से जलते हैं।

### बंगाल की जनता जवाब देगी

ममता बनर्जी ने कहा कि बंगाल को किसी की भीख नहीं चाहिए। बंगाल की जनता फिर इसका जवाब देगी। ममता ने कहा कि बजट में आम आदमी व गरीबों के लिए कुछ भी नहीं है। बंगाल के साथ फिर पूरी तरह भेदभाव किया गया है। बंगाल का केंद्र पर 1.71 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का बकाया है, पर हमारे राज्य को एक रुपया भी बजट में नहीं दिया गया है।



### दूसरे राज्यों से भेदभाव नहीं होना चाहिए

बनर्जी ने कहा कि बजट में बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष तरजीह देने के सवाल पर ममता ने कहा कि हमें उससे कोई आपत्ति नहीं है लेकिन बंगाल सहित दूसरे राज्यों के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। यह पूरी तरह राजनीतिक बजट है। ममता ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बंगाल से जलते हैं।

## सीएम की फटकार पर की गई कार्रवाई, दिनदहाड़े हत्या की वारदात को दिया था अंजाम

**बलिया।** बलिया में बुलडोजर एक्शन के बाद अपराधियों में हड़कंप मचा है। वर्चस्व में हुए रोहित हत्याकांड में सीएम की फटकार के बाद अपराधियों के अवैध निर्माण पर बुलडोजर कार्रवाई की गई है। बलिया जिले के बांसडीह कोतवाली गेट के सामने दिनदहाड़े रोहित पांडेय की हुई हत्या के मामले में सीएम की फटकार के बाद मंगलवार को पुलिस के साथ ही प्रशासनिक अमला सक्रिय नजर आया। पुलिस ने जहां 25 हजार के दो इनामी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, वहीं नामजद आरोपियों के घर पर प्रशासन का बुलडोजर भी गरजा। पीडब्ल्यूडी की जमीन पर निर्माण होने के कारण दो आरोपियों के मकानों पर कार्रवाई की गई।

### संबंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र पंकज कुमार को उसके गलत व्यवहार के कारण अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी नैतिक अनैतिक कार्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

प्रार्थी सतीश कुमार पुत्र
नेहपाल निवासी-मकान नंबर 43,
बलराम नगर लोनी देहात, लोनी, गाजियाबाद

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। बुधवार 24 जुलाई-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Meena Bhandari
1h

नाराजगी कभी इतनी लम्बी नहीं होनी चाहिए कि इन्सान गुजर जाए और नाराजगी रह जाए।



SS PATH LAB & DIAGNOSTIC CENTRE (Your Health is Our Priority)
Ultrasound ✚ Digital X-Ray
ECG ✚ Blood Tests
ब्लड टेस्ट पर 50% छूट
अल्ट्रासाउंड मात्र : ₹800/-
डिजिटल एक्स-रे मात्र : ₹250/-
ई.सी.जी. मात्र : ₹200/-
Lab Director : Dr. Sagar Kashyap (MBBS,MD)
Free Home Collection Facility Available
पता : सी-2, कचहरी रोड, आर.डी.सी. राजनगर, गाजियाबाद
0120-3501102, 9625609360



# निगम एक्ट की धाराओं को दरकिनार कर अधिकारियों ने बढ़ा दिया है हाउस टैक्स : राजेन्द्र त्यागी

## बोर्ड से निरस्त करायेंगे बढ़ा हुआ हाउस टैक्स, जरूरत पड़ी तो जायेंगे हाईकोर्ट, नहीं होने देंगे जनता का शोषण



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम एक्ट की गहन जानकारी रखने वाले कई बार के पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने ये दावा किया है कि नगर निगम के अधिकारियों ने बिना बोर्ड बैठक के बिना किसी चर्चा के गाजियाबाद की जनता पर अतिरिक्त हाऊस टैक्स का दबाव डाल दिया है। बिना बोर्ड बैठक के प्रस्ताव पास कर दिया है। मेयर सुनीता दयाल को और गाजियाबाद के सांसद और विधायकों को इस विषय पर एकजुटता दिखाने की जरूरत है। अगर उन्होंने अधिकारियों द्वारा फाईनल किये जा चुके हाऊस टैक्स का विरोध नहीं किया, तो जनता पर तीन से चार प्रतिशत टैक्स का बोझ पड़ जायेगा। ये जहां जनहित में भी उचित नहीं है वहीं लगभग साढे पांच लाख परिवार बढ़े हुए टैक्स के दायरे में आ जायेंगे। जिससे पार्टी को भी जन नाराजगी का सामना करना पड़ेगा। राजेन्द्र त्यागी ने कहा कि उन्होंने इस सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी पत्राचार किया है। राजेन्द्र त्यागी का आरोप है कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा सम्पत्ति कर की नियमावली की धाराओं के विपरीत जाकर हठपूर्वक सम्पत्ति करों में तीन से चार गुना की वृद्धि कर दी गई है।

हाऊस टैक्स निगम की धारा 174(ख) के अन्तर्गत हर दो वर्ष में दस प्रतिशत बढ़ना होता है। मगर इस बार इस नियम को भी संज्ञान में नहीं लिया गया है। राजेन्द्र त्यागी ने कहा कि जनता पर अतिरिक्त टैक्स का डालने से अच्छा है कि निगम आय के अन्य संसाधनों पर अपना फोकस करे। श्री त्यागी ने ये सारी बातें दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय पहुंच कर रखी। उन्होंने निगम एक्ट की किताब हाथ में लेकर दावा किया कि अधिकारी एक्ट के विपरीत जाकर हाऊस टैक्स बढ़ा चुके हैं। अगर इसे वापस नहीं लिया गया, ये आदेश बोर्ड से निरस्त नहीं हुआ तो वह इस पूरे मामले को हाईकोर्ट ले जायेंगे। पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने समाचार संपादक दीपक भाटी के साथ विस्तार से टैक्स बढ़ोत्तरी पर अपनी बेबाक राय रखी।




**प्रश्न: आप इस बात को इस दावे के साथ कैसे कह रहे है कि नगर निगम ने एक्ट के विपरीत जाकर हाऊस टैक्स बढ़ा दिया है जबकि बोर्ड बैठक में इस पर चर्चा होनी बाकी है।**

**राजेन्द्र त्यागी:** मैं बताना चाहता हूं कि विगत 9 जनवरी 2024 को सम्पत्ति करों में वृद्धि किये जाने के सम्बन्ध में एक सार्वजनिक सूचना प्रकाशित नगर निगम की ओर से की गई थी। जो पूरी तरह से नियम विरूद्ध है। नगर निगम की धारा 174(ख) के अनुसार प्रत्येक दो वर्ष में एक ही बार सम्पत्ति करों में वृद्धि की जा सकती है। जो कि वर्ष 2023 और 2024 में निगम की बोर्ड बैठक में की जा चुकी है। जाहिर सी बात है कि ये वृद्धि 2025 तक लागू है। ऐसे में इस अवधि के बीच किसी भी प्रकार की वृद्धि किया जाना नगर निगम की धारा 174(ख) के विपरीत है।

**प्रश्न - आपके पास अपनी इस बात को साबित करने के लिए कोई ठोस प्रमाण है क्या?**

**राजेन्द्र त्यागी:** देखिये आप जानते हैं कि मैं हवा में बातें नहीं करता। मेरी बात के पीछे का आधार नियम और नगर निगम का एक्ट होते हैं। मैं आपका ध्यान 27 अक्टूबर 2023 के उस पत्र की ओर खींचना चाहता हूं जो उत्तर प्रदेश शासन की ओर से नगर निगम अधिकारी, गाजियाबाद को लिखा गया है। इस पत्र में सम्पत्ति कर की न्यूनतम मासिक किराये की दरों को लागू किये जाने की बात कही गई है। इस पत्र को बोर्ड बैठक से भी अंजान रखा गया है। अगर अधिकारी कहेंगे तो मैं ये पत्र उन्हें उपलब्ध करा दूंगा। इस पत्र बिन्दु संख्या-3 पर स्पष्ट लिखा है कि प्रश्नगत प्रकरण में उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 की धारा 174 और उत्तर प्रदेश नगर निगम सम्पत्ति कर नियमावली, 2000 यथा संशोधित के नियम 4(क) एवं 4(ख) में उल्लेखित प्राविधानों में प्रदत्त अधिकारों के दृष्टिगत स्व स्तर से नियमानुसार सम्पत्ति कर की न्यूनतम मासिक किराया दर निर्धारित करने का कष्ट करें। यहां पर इन शब्दों को समझना जरूरी है। यहां पर शासन न्यूनतम मासिक किरायर दर निर्धारित करने की बात कह रहा है जबकि निगम डीएम सर्किल रेट पर टैक्स बढ़ा रहा है। डीएम सर्किल रेट किराये का अधिकतम रेट होता है। जबकि नियमावली में टैक्स को बढाने के और भी प्राविधान है। अगर आप इन शब्दों को गौर से पढ़ोगे तो शासन ने हाऊस टैक्स लागू करने के लिए कहां कहा है।

**प्रश्न - डीएम सर्किल रेट के अलावा और क्या प्राविधान आपकी जानकारी में हैं?**

**राजेन्द्र त्यागी:** मैं बताना चाहता हूं कि भारतीय स्टॉम्प अधिनियम, 1899 के प्रायोजन के लिए कलैक्टर द्वारा निर्धारित सर्किल रेट पहला आधार है। यहां पर क्षेत्र में जो किराये की वर्तमान न्यूनतम दर है वो दूसरा आधार है। इसके अलावा टैक्स को किस आधार पर बढ़ाया जायेगा, इसको लेकर एक्ट में पूरा प्राविधान है। जब एक्ट खुद कहता है कि टैक्स को न्यूनतम आधार पर बढ़ाया जाये तो फिर क्यों डीएम सर्किल रेट का उपयोग किया जा रहा है। जबकि रेट को बढ़ाने के अन्य विकल्प भी मौजूद हैं।

**प्रश्न - अब जब हाऊस टैक्स बढ़ ही गया है तो इसको कैसे रिवर्स लाया जा सकता है। इस बारे में कोई जानकारी है आपके पास?**

**राजेन्द्र त्यागी:** मैं आपको बताना चाहता हूं कि अधिकारियों ने पूर्व में हुई एक बोर्ड की बैठक के बाद शासन को ये पत्र लिखा था कि हाऊस टैक्स पर कोई चर्चा नहीं हुई। इसलिए शासन अपने अनुसार इस पर निर्णय ले। शासन ने इस सम्बन्ध में अपनी ओर से कुछ दिशा निर्देश जारी किये। शासन ने नगर निगम अधिकारी को ये निर्देश दिये कि नगर निगम अधिकारी इस पर अपने अधिनस्थ अधिकारियों से प्रस्ताव तैयार करके उसे सदन में प्रस्तुत करेंगे। सदन इन प्रस्तावों पर जो भी निर्णय लेगा उसके बाद ही ये प्रस्ताव लागू हो सकते हैं। मैं बताना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश नगर निगम नियमावली 1959 की धारा-117 में स्पष्ट लिखा है कि नगर निगम का प्रशासन निगम में निहित होगा। यहां पर निगम का मतलब बोर्ड से होता है। मतलब जो बोर्ड तय करेगा या जो भी कार्यकारिणी में या जो भी कोई अधिकारी निर्णय लेंगे वो कार्य समिति में निहित होगा। मैं चाहता हूं कि अधिकारी धारा-117 के सारे नियम पढ़ लें। स्थिति स्पष्ट हो जायेगी। चाहे महापौर हों, नगर आयुक्त हों या फिर कोई पार्षद हो या कोई भी हो वह निगम एक्ट से आगे नहीं जा सकता।

**प्रश्न - टैक्स से जनता पर किस प्रकार बोझ पड़ रहा है जरा स्पष्ट करेंगे?**

**राजेन्द्र त्यागी:** मैं पहले भी इस बारे में बता चुका हूं। निगम अधिनियम-1959 की धारा 174(ख) में किराया निर्धारित करने के लिए तीन अधिकार स्पष्ट रूप से उल्लेखित हैं। ऐसे में अधिकारियों ने पहले ही आधार को क्यों लिया। दूसरे और तीसरे आधार पर सम्पत्ति करों में वृद्धि का प्रस्ताव क्यों नहीं बनाया गया। क्या जनता का आर्थिक उत्पीड़न करने के उद्देश्य से डीएम सर्किल रेट पर वृद्धि का प्रस्ताव बनाया गया है। क्यों अन्य दो आधार टैक्स निर्धारण के लिए नहीं चुने गये। मैं ये भी कहना चाहता हूं कि सम्पत्ति करों को तीन से चार गुना बढ़ाया जाना किसी भी प्रकार से उचित नहीं है। इससे केवल असंतोष फैलेगा। बैठे बिठाये राजनीतिक दलों, सामाजिक संस्थाओं को मुद्दा मिलेगा।

**प्रश्न- टैक्स के अलावा नगर निगम की आय बढ़ना भी तो जरूरी है और क्या विकल्प हैं शहर का विकास कैसे होगा?**

**राजेन्द्र त्यागी** - मैं कहना चाहता हूं कि क्या नगर निगम अपनी आय बढ़ाने के लिए क्या बार-बार हठपूर्वक सामान्य नागरिकों पर ही बोझ डालेगा। क्या तीन से चार गुना टैक्स वसूलना ही एकमात्र जरिया है। नगर निगम की इतनी बढ़ी संस्था क्या केवल हाऊस टैक्स से काम चला सकती है। नगर निगम के पास तमाम सम्पत्ति है उस पर भी गौर करने की जरूरत है। आज तक नगर निगम अवस्थापना निधि का 700 करोड़ रूपया शासन से नहीं मांग पाया है। स्थानीय अधिकारी क्यों स्टॉम्प ड्यूटी की इस रकम को अधिकार पूर्वक नहीं मांग पाते। गाजियाबाद में सरकारी केन्द्र व राज्य सरकार के प्रतिष्ठानों पर सम्पत्ति कर का 265 करोड़ रूपया बकाया है उसको लाने में रूचि क्यों नहीं दिखाई जा रही। बड़ी मात्रा में नगर निगम की जमीने खाली पड़ी हैं। इन जमीनों पर बैंकट हॉल, खेल के मैदान व अन्य सामाजिक सुविधाओं के लिए किराये पर क्यों नहीं दिया जा रहा। कमीशन खोरी पर अंकुश लग जाये तो भी बड़ी राहत मिलेगी।




**प्रश्न - जनता को आप बढ़े हुए टैक्स के प्रति किस तरह से जागरूक कर रहे हैं?**

**राजेन्द्र त्यागी:** देखिये मैं बताना चाहता हूं कि निगम के अधिकारी जनता पर आर्थिक बोझ डालने के लिए निगम के अधिनियम में दिये गये प्राविधानों का पूरा लाभ उठाते हैं। जैसे धारा 221(क) के अनुसार निगम अधिकारी बकाया सम्पत्ति दरों पर 12 प्रतिशत ब्याज वसूलते हैं। मगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 174(2)(क) एवं (ख) में करदाताओं को उपलब्ध होने वाली 25 प्रतिशत, 32.5 प्रतिशत और 40 प्रतिशत की छूट का लाभ नहीं दे रहे हैं। जो नगर निगम की धारा में दिये गये प्राविधानों के विरूद्ध हैं। कवर्ड और कारपेट रेटों में 20 प्रतिशत से ज्यादा का अंतर नहीं हो सकता। निगम में यह अंतर नियमों से आगे जाकर 40 प्रतिशत किया हुआ है जो गलत है। अधिकारी अपने फैसले लेकर चले जायेंगे। मगर भुगतना तो जनता को ही पड़ेगा।

**प्रश्न- नगर निगम समय से टैक्स देने वालों को 20 प्रतिशत की छूट भी तो देता है?**

**राजेन्द्र त्यागी:** नगर निगम जनता पर एहसान नही कर रहा है, इसका प्राविधान तो 1982 की अधिसूचना में आ गया था ये तभी तय हो गया था कि भुगतान अगर समय से किया जायेगा तो उसमें 20 प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

# डीसीपी सिटी जोन और ट्रांस हिंडन ने किया कांवड़ मार्ग और मेरठ रोड कंट्रोल रूम का निरीक्षण

## 27 जुलाई से वर्किंग हो जाएगा मेरठ रोड कंट्रोल रूम

## 11 ड्रोन कैमरे से होगी कमिश्नरेट में कांवड़ यात्रा की निगरानी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में मंगलवार को डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार और ट्रांस हिंडन जोन डीसीपी निमिष दशरथ पाटिल ने आगामी कांवड़ यात्रा के मद्देनजर कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करते हुए एसीपी स्तर के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि क्या व्यवस्था रहनी चाहिए। इसी के साथ डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने मेरठ रोड स्थित बनने वाले मुख्य कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए यहां की तैयारियों का जायजा लिया। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में भारी वाहनों को लेकर जारी डायवर्जन का अनुपालन करवा दिया गया है। वहीं 27 जुलाई से हल्के वाहनों को लेकर भी रूट डायवर्जन का प्लान लागू किया जाएगा। सुरक्षा के लिहाज से कमिश्नरेट गाजियाबाद को कुल 11 ड्रोन कैमरों की मदद से सुरक्षित बनाने का काम किया जाएगा।





### मेरठ रोड, दूधेश्वरनाथ मंदिर और मुरादनगर की भीड़ की मिलेगी पल-पल अपडेट

**करंट क्राइम।** मेरठ रोड पर बनने वाले कांवड़ यात्रा मुख्य कंट्रोल रूम में बड़ी संख्या में एलईडी स्क्रीन लगाने और यहां जिलेभर के अलग-अलग विभाग के अधिकारियों के फोन नंबर लिखने का काम शुरू हो गया है। इसके साथ ही अधिकारियों के बैठने, ट्रैफिक कंट्रोल, मैनेजमेंट से लेकर यहां कांवड़ यात्रियों के उपचार का केंद्र भी बनाया जाएगा। डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने मंगलवार को यहां का निरीक्षण किया और सिविल डिफेंस व नगर निगम अधिकारियों से वातार्लाप करते हुए इसको जल्द से जल्द शुरू करने का निर्देश दिया है। यहां खासतौर से दूधेश्वरनाथ मंदिर, मेरठ रोड और गंग नहर मुख्य मार्ग की मॉनिटरिंग की जाएगी।

### इन बातों का भी रखना है ख्याल

- कांवड़ शिविर में सीसीटीवी लगाना अनिवार्य रहेगा, सुरक्षा का भी प्रबंध करना होगा।
- किसी भी प्रकार का विद्युत तार और जनरेटर कनेक्शन खुले एरिया में नहीं रहेगा।
- कांवड़ शिविरों में बनने वाले भोजन के नमूने खाद्य और नगर निगम अधिकारी कलेक्ट करने का काम करेंगे
- कांवड़ शिविरों में बजने वाला डीजे सिस्टम न्यायालय द्वारा निर्धारित आवाज पर ही संचालित होगा।
- कांवड़ शिविरों को मुख्य मार्ग से पीछे ही लगाया जाएगा।

### प्रत्येक कट पर पुलिसकर्मी रहेगा तैनात, मोहन नगर पर बनेगा कंट्रोल सेंटर



**करंट क्राइम।** डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल मंगलवार को एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह के साथ कांवड़ यात्रा मार्ग इंदिरापुरम कनावनी इलाके में रहे। उन्होंने यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही जानकारी ली है कि ट्रांस हिंडन जोन के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक थानाक्षेत्र के हर इलाके में क्या तैयारियां की गई है। वहीं आईपीएस पाटिल ने बताया है कि प्रत्येक कट पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। वहीं बड़ी संख्या में पुलिस बैरिकेडिंग और बल्ली भी लगाएगी ताकि मुख्य कांवड़ मार्ग पर कोई वाहन या जानवर ना आ सके। इस दौरान डीसीपी ट्रांस हिंडन ने जानकारी दी है कि प्रत्येक कांवड़ शिवर में कैमरा लगाना अनिवार्य रहेगा। साथ ही यहां खाना बनाने वाले और सेवा देने वाले कर्मियों का पुलिस वेरिफिकेशन भी करना होगा।

# लोनी की अनसुलझी पहेलियों को सुलझाना चाहते हैं अतुल गर्ग

## खराब सड़क से लेकर नहर के नाला बनने पर कर रहे हैं वो वर्क







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अतुल गर्ग विधायक रहे हैं। उत्तर प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री से लेकर स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री रहे हैं। काम करने का उनका अपना अंदाज है और वो राज नेता से अलग हटकर शिक्षाविद भी हैं और बड़े कारोबारी भी हैं। निर्माण की पूरी समझ रखते हैं और वो जानते हैं कि किन मुद्दों पर जनता प्रभावित होती है। विकास को लेकर एक बड़ा विजन उनके पास है। लोकसभा सांसद बनने के बाद अतुल गर्ग की दृष्टि लोनी विधानसभा पर है। वो लोनी की कई अनसुलझी पहेलियों को सुलझाना चाहते हैं। दिल्ली से सटे इस इलाके की सड़क व्यवस्था से लेकर भूगर्भ जल व्यवस्था पर वो काम कर रहे हैं। एक ऐसा विजन क्षेत्र के लोकसभा सांसद के पास है जिसमें सड़क से लकर आसमान तक वो विकसित गाजियाबाद की ऊंचाई को देखना चाहते हैं। उन्होंने सांसद बनने के बाद हिंडन के डोमेस्टिक एयरपोर्ट का मामला उठाया, यहां से कब फ्लाईट उडेंगी इस पर चिंता जताई। उनकी नजर अब लोनी की उन समस्याओं पर है जो बहुत पहले सुलझनी चाहिए थी। उनका समाधान होना चाहिए था। उनका ये मानना है कि या तो समस्यायें ठीक मंच पर उठाईं नहीं गई या फिर कारण ऐसे रहे कि समस्याएं उठी लेकिन उनका समाधान नहीं हुआ। लोकसभा सांसद चाहते हैं दिल्ली सहारनपुर सड़क का विश्वस्तरीय निर्माण हो और वाहन चालकों से लेकर स्थानीय लोगों को आराम हो। उनका कहना है कि दिल्ली सहारनपुर मार्ग पिछले दस साल से खराब है। दस साल से एक सड़क का सुधार नहीं हो रहा। सांसद अतुल गर्ग ने बहटा हाजीपुर नहर का मामला उठाया है। उन्होंने कहा कि यह नहर इस क्षेत्र की पहचान थी और धीरे धीरे इस नहर ने नाले का रूप ले लिया। प्रदूषण की ये इंतहा है और यह एक गंभीर विषय है कि क्षेत्र की एक नहर नाला बन गई है और संबंधित एजेंसियां इससे बेखबर हैं। सांसद अतुल गर्ग दिल्ली से सटे इस इलाके की पेयजल स्थिति को लेकर गंभीर हैं। उनका कहना है कि औद्योगिक इकाईयों द्वारा जमीन में उतारे जा रहे जहर की कीमत यहां की रिहायशी कॉलोनियों के लोगों को चुकानी पड़ेगी। अगर हम समय से नहीं जागे तो देर हो जायेगी। उन्होंने कहा कि ट्रोनिका सिटी में जिंस रंगने वाली कई छोटी छोटी ईकाइंयां हैं इसके अलावा कई और ऐसी इकाईयां है जो कैमिकल का पानी जमीन के अंदर उतार रही हैं। ये जहरीला पानी पूरे क्षेत्र के भूगर्भ जल को दूषित कर रहा है। समय रहते कड़े कदम उठाने होंगे। जल संरक्षण की दिशा में काम करना होगा। तभी हम क्षेत्र के लोगों को पीने का स्वच्छ पानी दे पायेंगे। क्षेत्र को प्रदूषण से बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। एक दशक से क्षेत्र में समस्यायें लंबित है और उनका समाधान होना जरूरी है।

## संपादकीय

# 'निर्मल' बजट 2024

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को आर्थिक सर्वेक्षण 2024 संसद में पेश किया। आर्थिक सर्वेक्षण की रोशनी में देखा जाए तो यह बात ज्यादा स्पष्ट होकर उभरती है कि मंगलवार को पेश किए जाने वाले बजट से किस तरह की और कितनी उम्मीदें रखना व्यावहारिक होगा।

**रोजगार है अहम :** आर्थिक सर्वे में इस तथ्य को अच्छी तरह रेखांकित किया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए रोजगार सृजन की चुनौती कितनी अहम है। वर्कफोर्स में कृषि क्षेत्र का हिस्सा आने वाले वर्षों में कम ही होते जाना है। 2023 के 45.8% से घटते हुए 2047 तक यह 25% पर आने का अनुमान है। ऐसे में अगर देश को 2047 तक विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में लाने का लक्ष्य हासिल करना है तो बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करना होगा। आर्थिक सर्वे में हिसाब लगाया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को साल 2030 तक सालाना 78.5 लाख रोजगार पैदा करने होंगे।

**सामाजिक सुरक्षा :** ध्यान रहे, पिछले वर्षों में कृषि क्षेत्र, निर्माण क्षेत्र और गिग इकॉनमी में ही रोजगार बढ़े हैं। इनमें कृषि क्षेत्र तो छिपी हुई बेरोजगारी के लिए जाना जाता है। फिर यहां हालात तेजी से पलट रहे हैं। निर्माण क्षेत्र में रोजगार अनियमित होते हैं तो गिग इकॉनमी के कामों में असुरक्षा रहती है। अगर देश में गैर–कृषि क्षेत्रों में रोजगारों का सृजन करना है और वर्कफोर्स को सुरक्षा तथा निश्चितता देनी है तो ढछक(प्रॉडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव), मित्रा टेक्सटाइल और मुद्रा जैसी योजनाओं को आगे बढ़ाने के अलावा उन क्षेत्रों की पहचान करनी होगी जो न सिर्फ ज्यादा रोजगार दें बल्कि श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा भी सुनिश्चित करें।

**महंगाई पर काबू :** महंगाई एक और बड़ी चुनौती है जिससे निपटना जरूरी है। देश में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 5.1% के स्तर पर है तो खाद्य महंगाई दर 9.5% पर। हालांकि महंगाई की चुनौती लगातार बने रहने के पीछे महामारी और युद्ध से उपजे हालात के अलावा पिछले दो वर्षों के प्रतिकूल मौसम का भी हाथ रहा है, लेकिन इसे अनदेखा करने का जोखिम नहीं उठाया जा सकता। सरकार और रिजर्व बैंक को इसके लिए तात्कालिक और दूरगामी दोनों ही स्तरों पर कदम उठाने होंगे।

**शिक्षा और स्वास्थ्य :** चुनौतियां कई स्तरों पर हैं, लेकिन विकसित राष्ट्र का दर्जा पाने का लक्ष्य शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्रों को प्राथमिकता से लेना अनिवार्य बनाता है। यह उम्मीद करना गलत नहीं होगा कि समाज के अलग–अलग तबकों को राहत देने की मजबूरियों के बीच भी बजट में इन दोनों क्षेत्रों को अधिकाधिक लोगों की पहुंच में लाने और इनकी क्वॉलिटी बढ़ाने के खास प्रयास दिखेंगे।

# बजट के बाद शेयर बाजार में रिकवरी



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में बजट के कारण मंगलवार को भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। हालांकि, बाजार के मुख्य सूचकांक सपाट बंद होने में कामयाब रहे। कारोबारी सत्र के अंत में सेंसेक्स 73 अंक या 0.09 प्रतिशत गिरकर 80,429 और निफ्टी 30 अंक या 0.12 प्रतिशत गिरकर 24,479 पर था। सत्र के दौरान सेंसेक्स ने 80,766 अंक के उच्चतम स्तर और 79,224 अंक के न्यूनतम स्तर को छुआ। निफ्टी ने 24,582 अंक के उच्चतम स्तर और 24,074 के न्यूनतम स्तर को छुआ। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में गिरावट का ट्रेंड देखा गया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 339 अंक या 0.60 प्रतिशत गिरकर 56,285 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 162 अंक या 0.88 प्रतिशत के दबाव के साथ 18,400 पर बंद हुआ। सेक्टर के हिसाब से देखें तो ऑटो, आईटी, एफएमसीजी और मीडिया तेजी के साथ बंद हुए हैं। वहीं, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, मेटल और रियल्टी इंडेक्स गिरकर बंद हुए। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ टेक्निकल एनालिस्ट रूपक दे का कहना है कि बजट के कारण बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। निफ्टी में 24,400 एक मजबूत सपोर्ट बना हुआ है। 24,500 के आसपास एक बिकवाली है। अगर निफ्टी 24,400 के नीचे जाता है, तो यह 24,200 और फिर 24,000 तक जा सकता है।

# लंबी अवधि में शेयर बाजार में होगा ज्यादा फायदा, एलटीसीजी छूट बढ़ी



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को बजट पेश किया। वित्त मंत्री ने बजट में एक तरफ सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) में बढ़ोतरी की तो दूसरी तरफ लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन पर मिलने वाली छूट में भी इजाफा किया। वित्त मंत्री की ओर से फ्यूचर और ऑप्शन पर लगने वाली सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) को बढ़ाकर 0.02 प्रतिशत और 0.1 प्रतिशत कर दिया गया है। डेरिवेटिव सेगमेंट में ऑप्शन को सेल पर विक्रेता की ओर से 0.0625 प्रतिशत एसटीटी अदा किया जाएगा। वहीं, इस पर 0.125 प्रतिशत एसटीटी ऑप्शन खरीदार की ओर से दिया जाएगा। फाइनेंस बिल के मुताबिक नई दरें एक अक्टूबर से लागू होंगी। वित्त मंत्री ने शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन (एसटीसीजी) टैक्स को 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया है। वहीं, लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन (एलटीसीजी) टैक्स को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 12.5 प्रतिशत कर दिया गया है। साथ ही लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स की छूट सीमा में बढ़ोतरी कर 1.25 लाख रुपये प्रतिवर्ष कर दी गई है, जो कि पहले एक लाख रुपये थी। डिजर्व के सह-संस्थापक, वैभव पोरवाल का कहना है कि बजट में लंबी अवधि के निवेशकों को प्रोत्साहित किया गया है। निवेशकों को बाजार के हाल के रिएक्शन को छोड़कर लंबी अवधि का नजरिया रखना चाहिए। मौजूदा कर ढांचा लंबी अवधि के निवेश को बढ़ावा देता है।

# उद्योग जगत के दिग्गजों ने बजट को बताया शानदार



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पूर्ण बजट पेश किया। इससे पहले, उन्होंने फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया था। अब तक वो बतौर वित्त मंत्री सात बजट पेश कर चुकी हैं। वहीं, उनके इस बजट पर पूरे देश की निगाहें लगी हुईं थीं। इस बजट में समाज के विभिन्न तबकों के हितों का विशेष ध्यान रखा गया है। इस पर अब विभिन्न क्षेत्रों के लोग अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। लगभग सभी ने बजट को शानदार बताया है। बजट को लेकर भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका के कंट्री हेड, बायर उपभोक्ता स्वास्थ्य प्रभाग संदीप वर्मा ने आईएएनएस से बातचीत की। उन्होंने कहा, स्वास्थ्य उद्योग में मौजूदा समय में उपभोग में विषमता एक समस्या बनकर उभर रही है। इससे कोई अछूता नहीं है। मुझे बजट को देखकर ऐसा लग रहा है कि अगर इसमें कही गई बातों को जमीन पर उतारा जाता है, तो इससे स्वास्थ्य उद्योग में तेजी देखने को मिलेगी। इसके अलवा, किसानों, महिलाओं और युवाओं के हितों का भी विशेष ध्यान इस बजट में रखा गया है। उधर, बाजार में तेजी लाने के लिए भी बजट में कई सराहनीय कदम उठाए गए हैं, जिसकी मैं प्रशंसा करता हूं। अब बस इस बजट में कही गई बातों को जमीन पर उतारे जाने की जरूरत है। अगर हम ऐसा करते हैं, तो मुझे यह कहने में कोई गुरेज नहीं है कि इससे हमारी अर्थव्यवस्था में नई तेजी देखने को मिलेगी। वारी एनर्जी लिमिटेड के सीईओ अमित पैठणकर ने भी बजट को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने आईएएनएस से बातचीत में कहा, मुझे ऐसा लगता है कि बजट में ऊर्जा क्षेत्र में तेजी लाने के मकसद से कई कदम उठाए गए हैं और यह जानकर खुशी मिली है कि ऊर्जा क्षेत्र को बजट में विशेष स्थान प्रदान किया गया है। खासकर पीएम सूर्य घर योजना विकास में तेजी लाने की दिशा में अहम भूमिका निभा रहा है। यह योजना वैसे भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता की सूची में शुमार रहा है। अब इसे बजट में भी विशेष स्थान दिया गया है। कई लोगों ने बीते दिनों इसे लेकर अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया भी व्यक्त की थी। मैं इस बजट को अच्छा कहूंगा, क्योंकि यह हमारी इंडस्ट्री को आगामी दिनों नई ऊर्जा से भरने जा रहा है। उधर, पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमंत जैन ने भी बजट को लेकर अपनी बात रखी।

SPECIAL WISHES
दैनिक करंट क्राइम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मम्मी पापा के लिए इससे सुखद अहसास कुछ नहीं होता जब उनके बच्चे का हैप्पी बर्थडे होता है। यही वो पल है जब हर वर्ष निखिल के जन्मदिन पर उसके पापा दीपक गर्ग और मम्मी दीप्ति गर्ग हर्ष के साथ सेलिब्रेट करते हैं। निखिल के जन्मदिन पर मम्मी दीप्ति गर्ग पापा दीपक गर्ग ने उसके लिए हर खुशी की कामना की। परमपिता परमेश्वर से उसकी हर सफलता की कामना की।

## राशिफल

**मेष :** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। गृहिणियां विशेष सावधानी रखें।

**वृष :** अविवाहितों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मिथुन :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शत्रुता में वृद्धि हो सकती है। भूमि व भवन के खरीद–फरोख्त की योजना बनेगी। बड़ा लाभ के योग हैं।

**कर्क :** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**सिंह :** पुराने शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है, धैर्य रखें।

**कन्या :** परिवार के छोटे सदस्यों के अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लापरवाही न करें। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी।

**तुला :** थकान महसूस होगी। शारीरिक आराम की आवश्यकता रहेगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृश्चिक :** शरीर साथ नहीं देगा। स्वास्?थ्य का ध्यान रखें। उत्साह बढ़ेगा। कार्य की बाधा दूर होकर स्थिति लाभप्रद रहेगी।

**धनु :** प्रेम–प्रसंग में जोखिम न लें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेगी।

**मकर :** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास मनोनुकूल रहेंगे।

**कुंभ :** आशंका–कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। योजना में परिवर्तन हो सकता है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन :** अनहोनी की आशंका रहेगी। पूजा–पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। व्यापार–व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

## चुटकुले

वैलेंटाइन डे के 7 दिन पहले एक गिफ्ट शॉप पर वकील साहब गए
उन्होंने 40 खूबसूरत कार्ड खरीदे और सब पर उन्होंने भेजने वाले की जगह लिखा हैल्लो जान !! पहचान गए ना ?
शाम को मिलो, आई लव यू।
दुकानदार ने पूछा : ये क्या मामला है ?
तो वकील साहब ने बताया झ्र पिछले वैलेंटाइन डे पर आस पास की कालोनी में ऐसे ही 20 कार्ड भेजे थे। कुछ ही दिन में तलाक के चार केस मिल गए थे।
इस बार 40 कार्ड भेज रहा हूँ।

---

लड़की अपने ब्वॉयफ्रेंड को अपनी मम्मी से मिलवाने ले गई...
दूसरे दिन..
गर्लफ्रेंड – मेरी मम्मी को तुम बहुत पसंद आए।
ब्वॉयफ्रेंड – चल पगली....कुछ भी हो....
मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा....
मम्मी से बोलना मुझे भूल जाएं.....

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया भर में टमाटर की लगभग 10,000 किस्में हैं।
- एक जापानी कंपनी ने एक रोबोट का आविष्कार किया जो आपकी पीठ पर बैठता है और आपको दौड़ते समय टमाटर भी खिलाता है।
- चीन टमाटर का सबसे बड़ा उत्पादक है, जो साल 2009 में दुनिया के उत्पादन के एक चौथाई हिस्से के लिए जिम्मेदार है। संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत क्रमश: दूसरे और तीसरे उच्चतम उत्पादक हैं।
- न्यू जर्सी के सालेम में 28 जून, 1820 को टमाटर को 'परीक्षण पर' रखा गया था। एक न्यायालय के सामने, रॉबर्ट जॉनसन ने यह साबित करने के लिए टमाटर का एक ढेर खाया कि वे जहरीले नहीं थे। देखने वालों की भीड़ उसके मरने के लिए इंतजार कर रही थी।
- चूंकि टमाटर के बीज होते हैं और वनस्पति पौधे से उगते हैं, इसे फल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, न कि एक सब्जी के रूप में।
- टमाटर मूल रूप से पेरू देश से आए थे।
- साल 2013 में, एक यूके कंपनी ने 'टॉमटाटो' का एक पौधा बनाया जिसके उपरी भाग पर टमाटर उगते हैं और मिटटी के नीचे आलू।
- ठंडी जलवायु वाली जगहों में टमाटर आमतौर पर ग्लासहाउस (ग्रीनहाउस) में उगाए जाते हैं।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# निकहत से लेकर अंतिम तक

# पेरिस में दिखेगा युवा भारत का जोश

## 70 खिलाड़ी पहली बार खेलेंगे ओलंपिक

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में इस बार युवा भारत का जोश दिखेगा। 117 सदस्यीय भारतीय दल में 70 खिलाड़ी पहली बार ओलंपिक में शिरकत करने जा रहे हैं। इनमें 29 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। मुक्केबाज निकहत जरीन, पहलवान अंतिम पंघाल, रीतिका, एथलीट ज्योति याराजी, शूटर सिफ्त कौर समरा, रमिता, रिद्म सांगवान ऐसी बेटियां हैं जो पहली बार खेलते हुए देश को ओलंपिक पदक दिलाने का दम रखती हैं। पहलवान अमन सहरावत, जेवलिन थ्रोअर किशोर जेना, तीरंदाज बी धीरज, मुक्केबाज निशांत देव, शूटर सरबजोत सिंह, संदीप सिंह, अर्जुन बबूटा, अर्जुन चीमा, अनीश में भी पहली बार ओलंपिक में खेलते कुछ कर गुजरने का दम है।



### ध्वजवाहक 42 वर्ष के शरत का पांचवां ओलंपिक

भारतीय दल में अनुभव की भी कमी नहीं है। टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल पांचवां ओलंपिक खेलने जा रहे हैं। वह उद्घाटन समारोह में भारतीय दल के ध्वजवाहक भी होंगे। वहीं तीरंदाज तरुणदीप रॉय, दीपिका कुमारी, हॉकी खिलाड़ी पीआर श्रीजेश और मनप्रीत सिंह का यह चौथा ओलंपिक होगा।

### 44 के बोपन्ना सबसे उम्रदराज, 14 की दिनिधि सबसे कम उम्र की खिलाड़ी

भारतीय दल के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी 44 वर्षीय रोहन बोपन्ना होंगे, जबकि सबसे कम उम्र की खिलाड़ी 14 वर्षीय तैराक दिनिधि देसिंघु होंगी। दिनिधि ओलंपिक में खेलने वाली दूसरी सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। इससे पहले 11 वर्ष की उम्र में तैराक आरती साहा ने 1952 के ओलंपिक में शिरकत की थी। दल में तीन खिलाड़ी बोपन्ना, शरत कमल (42) और तरुणदीप रॉय (40) ऐसे हैं, जिनकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है। ट्रैप शूटर पृथ्वीराज टोंडाईमान (37), हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश (36), गोल्फर गगनजीत भुल्लर (36), एथलीट एमआर पूवम्मा (34), शटलर अश्वनी पोनप्पा (34), शटलर एचएस प्रणय (32) अन्य उम्रदराज खिलाड़ी हैं।

### 47 खिलाड़ियों को है ओलंपिक खेलने का अनुभव

117 सदस्यीय दल में 47 खिलाड़ी ऐसे हैं, जिन्हें एक या उससे अधिक ओलंपिक खेलने का अनुभव है। इनमें पुरुष हॉकी टीम समेत पांच पदक विजेता भी शामिल हैं। टोक्यो ओलंपिक में भारत ने एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक जीते थे। इनमें स्वर्ण जीतने वाले जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा, रजत जीतने वाली वेटलिफ्टर मीराबाई चानू, कांस्य जीतने वाली मुक्केबाज लवलीना, शटलर पीवी सिंधू के अलावा पुरुष हॉकी टीम पदक के लिए एक बार फिर जोर-आजमाइश करेंगे।

### हॉकी टीम में 12 ओलंपियन

पेरिस के लिए हॉकी की मुख्य टीम में 16 और तीन खिलाड़ी रिजर्व के तौर पर चुने गए हैं। इनमें 12 खिलाड़ी ऐसे हैं, जिन्होंने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। भारत अपने अभियान की शुरूआत 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच से करेगा। इसके बाद टीम 29 जुलाई को अर्जेंटीना से भिड़ेगी। इसके बाद अगले दिन आयरलैंड और एक अगस्त को गत विजेता बेल्जियम से भारत का सामना होगा। टोक्यो ओलंपिक की गोल्ड मेडलिस्ट ऑस्ट्रेलिया के साथ दो अगस्त को भारत को खेलना है।

# 'भारतीय ध्वज को ऊपर जाते हुए देखना मेरे रोंगटे खड़े कर देता है': मनिका बत्रा

**नई दिल्ली।** टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा पेरिस 2024 में अपनी लगातार तीसरी ओलंपिक उपस्थिति के लिए तैयारी कर रही हैं। वह टोक्यो 2020 की उपलब्धि को पार करने के लिए दृढ़ हैं, जहां वह ओलंपिक एकल टेबल टेनिस में 32 के राउंड में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। जियोसिनेमा के 'द ड्रीमर्स' पर एक विशेष बातचीत में, बत्रा ने आगामी ओलंपिक खेलों के लिए अपनी मानसिकता और तैयारी साझा की। मैचों के प्रति अपने दृष्टिकोण पर विचार करते हुए, बत्रा ने कहा, जीतने या हारने पर मेरा ध्यान नहीं है; मैं जब भी कोर्ट पर उतरती हूं तो अपना 100 प्रतिशत देना चाहती हूं। उनका करियर कई पोडियम फिनिश से सुशोभित है, जिसमें 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के चार पदक भी शामिल हैं। सकारात्मक दृश्य की कला उसकी प्रेरणा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने खुलासा किया,



जैसे-जैसे टूनामेंट नजदीक आता है, मेरा अवचेतन मन मुझे पोडियम पर देखता है। यह विश्वास जरूरी है। मैं भारतीय ध्वज का चित्र बनाती रहती हूं और अपने देश के लिए पदक जीतने का विचार मेरे रोंगटे खड़े कर देता है। वर्तमान में दुनिया में 28वें स्थान पर काबिज बत्रा की पेरिस 2024 के लिए तैयारी टोक्यो 2020 के तुरंत बाद शुरू हुई। उसने जोर देकर कहा, मैंने टोक्यो के तुरंत बाद अपनी तैयारी शुरू कर दी क्योंकि एथलीटों के लिए चार साल भी अपर्याप्त लगते हैं। मैं अतिरिक्त दबाव से बचने के लिए अपनी रैंकिंग के बारे में सोचने से बचती हूं। मेरा लक्ष्य खेल का आनंद लेना है और अपना सर्वश्रेष्ठ देना है, मैं पेरिस 2024 के लिए अच्छी तरह से तैयार हूं और न केवल अपना 100 प्रतिशत , बल्कि अपना 1000 प्रतिशत देना चाहती हूं। बत्रा ने उच्चतम स्तर पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए किए गए तथाकथित बलिदानों पर भी अपना दृष्टिकोण साझा किया। उन्होंने कहा, मैं इन्हें बलिदान के रूप में नहीं देखती क्योंकि यह मेरा सपना है। मैं धन्य महसूस करती हूं कि यह वास्तविकता बन रही है। घर की सुख-सुविधाएं और अपनी मां का भोजन छोड़ना मेरी यात्रा का हिस्सा है और मैं इसका आनंद लेती हूं।

# एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी से पहले हॉकी इंडिया ने कोर संभावित खिलाड़ी घोषित किये

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने सितंबर में चीन के हुलुनबिर शहर में होने वाली आगामी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी से पहले एसएआई, बेंगलुरु में सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए एक मुख्य संभावित समूह की मंगलवार को घोषणा की।

कोर ग्रुप में वे खिलाड़ी शामिल हैं जो पेरिस 2024 के लिए फाइनल टीम में जगह नहीं बना पाए। इसमें डेवलपमेंट ग्रुप और जूनियर पुरुष टीम के खिलाड़ी भी शामिल हैं। ओलंपिक टीम के खिलाड़ी संक्षिप्त ब्रेक के बाद 24 अगस्त को चल रहे राष्ट्रीय शिविर में शामिल होंगे। शिविर का समापन 4 सितंबर को होगा।

राष्ट्रीय शिविर के लिए बुलाए गए खिलाड़ियों में गोलकीपर सूरज करकेरा और मोहित एचएस, डिफेंडर वरुण कुमार, अमीर अली, अमनदीप लाकड़ा, रोहित, सुखविंदर और योगेंबर रावत शामिल हैं। बुलाए गए मिडफील्डरों में रबीचंद्र सिंह मोइरंगथेम, मोहम्मद राहील मौसीन, विष्णुकांत सिंह, राजिंदर सिंह, अंकित पाल, पूवन्ना सीबी और रोसन कुजूर शामिल हैं। बुलाए गए फॉरवर्ड में मनिंदर सिंह, कार्थी एस, अरजीत सिंह हुंदल, बॉबी सिंह धामी, उत्तम सिंह और गुरजोत सिंह शामिल हैं।

जबकि सीनियर टीम पेरिस 2024 में अपना अभियान शुरू करने की तैयारी कर रही है, हमारे पास पहले से ही खिलाड़ियों का एक मजबूत समूह है जो भारत के लिए फिर से खेलने का मौका पाने का इंतजार कर रहा है। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी ओलंपिक गेम्स के पूरा होने के कुछ ही हफ्तों बाद निर्धारित है, इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप की तैयारी साई, बेंगलुरु में बुलाए गए राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के साथ शुरू हो चुकी है। मुख्य कोच क्रेग फल्टन ने कहा, ये खिलाड़ी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए एक साथ प्रशिक्षण लेना जारी रखेंगे, जहां भारत गत चैंपियन के रूप में जाएगा। ओलंपिक टीम 24 अगस्त को उनके साथ जुड़ेगी।



### मुख्य संभावित समूह

**गोलकीपर :** सूरज करकेरा, मोहित एचएस

**डिफेंडर :** वरुण कुमार, आमिर अली, अमनदीप लाकड़ा, रोहित, सुखविंदर, योगेंबर रावत

**मिडफील्डर :** रबीचंद्र सिंह मोइरंगथेम, मोहम्मद राहील मौसीन, विष्णुकांत सिंह, राजिंदर सिंह, अंकित पाल, पूवन्ना सीबी, रोसन कुजूर

**फॉरवर्ड :** मनिंदर सिंह, कार्थी एस, अरजीत सिंह हुंदल, बॉबी सिंह धामी, उत्तम सिंह, गुरजोत सिंह।

# कौन है पेरिस ओलंपिक में भारत का सबसे उम्रदराज और युवा एथलीट ?

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक का आगाज 26 जुलाई से होने जा रहा है जिसका समापन 11 अगस्त को होगा। यह 33वां ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल होगा और तीसरी बार पेरिस इन खेलों की मेजबानी करेगा। खेल के महाकुंभ में 10,000 से अधिक एथलीट पदक के लिए दावेदारी पेश करेंगे, जिनमें भारत से 117 एथलीट हिस्सा लेंगे। इस बार ओलंपिक में ब्रेक डांसिंग, स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग और स्केटबोर्डिंग जैसे कुछ नए गेम शामिल किए गए हैं। पेरिस ओलंपिक से भारत को काफी उम्मीदें हैं। भारतीय खिलाड़ियों की नजर टोक्यो ओलंपिक से भी बेहतर प्रदर्शन करने पर है। भारत 117 सदस्यीय दल के साथ पेरिस ओलंपिक में भाग लेगा। भारत को ओलंपिक में सात का सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा पार करने की उम्मीद बहुत अधिक है, क्योंकि भारतीय दल ने पिछले तीन वर्षों में शानदार प्रदर्शन किया है। भारत के पास लगभग हर खेल में अनुभव और युवाओं का अच्छा मिश्रण है। ऐसे में चलिए जानते हैं कि पेरिस ओलंपिक 2024 में सबसे उम्रदराज और युवा भारतीय एथलीट कौन हैं? 44 वर्षीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय दल में सबसे उम्रदराज एथलीट हैं। बोपन्ना का यह ओलंपिक में तीसरा मौका होगा जबकि 14 वर्षीय धीनिधि देसिंघु भारतीय दल में सबसे कम उम्र की एथलीट हैं। बेंगलुरु की 14 वर्षीय तैराक धिनिधि देसिंघु पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत की सबसे युवा एथलीट के रूप में इतिहास रचने के लिए तैयार हैं। अगर ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों की बात करे तो, 11 साल और 11 महीने की उम्र में स्केटबोर्डर झेंग पेरिस खेलों में सबसे कम उम्र की प्रतियोगी होंगी। वह सबसे कम उम्र के ओलंपियन ग्रीक जिमनास्ट दिमित्रियोस लौंड्रास से एक साल बड़ी हैं, जिन्होंने 1896 में 10 साल और 218 दिन की उम्र में ओलंपिक में भाग लिया था। पेरिस में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी कनाडा की जिल इर्विंग होंगी जो घुड़सवारी टीम के सदस्य के रूप में 61 साल की उम्र में अपना ओलंपिक पदार्पण करेंगी। पेरिस ओलंपिक 2024 में सिर्फ 3 दिन बचे हैं और भारत के शीर्ष एथलीटों की अब अग्नि परीक्षा होगी। ओलंपिक के इतिहास में भारत के लिए पिछला यानी टोक्यो ओलंपिक सबसे यादगार रहा। भारतीय दल ने कुल सात मेडल जीते थे। मगर इस बार देश को कम से कम इस आंकड़े को दहाई अंक में बदलने की उम्मीद है। यदि ऐसा होता है, तो ओलंपिक इतिहास में पहली बार भारत दहाई के आंकड़े को छुएगा।









पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टीम का हिस्सा बनकर मैं गर्व महसूस कर रहा हूं: डिफेंडर संजय

# ओलंपिक डेब्यू पर डिफेंडर संजय ने कहा... 'यह अवसर मुझे और अधिक मेहनत के लिए प्रेरित करता है'

**नई दिल्ली।** हरियाणा के हिसार के पास डबरा गांव के रहने वाले भारतीय पुरुष हॉकी टीम के डिफेंडर संजय 26 जुलाई से पेरिस में शुरू हो रहे ओलंपिक में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। भारतीय हॉकी में सबसे शानदार खिलाड़ियों में से एक के रूप में उभरे संजय का एक छोटे से गांव से ओलंपिक के भव्य मंच तक का सफर उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। संजय ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टीम का हिस्सा बनकर मैं गर्व महसूस कर रहा हूं। किसी भी अन्य खिलाड़ी की तरह, ओलंपिक में खेलना मेरा सपना था, इसलिए मुझे खुशी है कि मेरी कड़ी मेहनत रंग लाई। मैं पेरिस ओलंपिक के लिए टीम में जगह बनाने में सफल रहा। यह अवसर मुझे और भी अधिक मेहनत करने और हमारी टीम की सफलता में योगदान देने के लिए प्रेरित करता है। मैं सबसे बड़े खेल मंच पर अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने कहा, जब मैंने पेरिस ओलंपिक के लिए अपने चयन की बात अपने परिवार को बताई, तो सभी बहुत खुश हुए। उनका आशीर्वाद और प्रोत्साहन मेरे लिए इस आयोजन में अपना सर्वश्रेष्ठ देने और उन्हें गौरवान्वित करने के लिए प्रेरणा का एक जबरदस्त स्रोत रहा है। संजय ने पहली बार 2021 जूनियर विश्व कप के दौरान सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया, जहां वह दो हैट्रिक सहित आठ गोल के साथ भारत के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी के रूप में उभरे। उनके शानदार प्रदर्शन ने न केवल उन्हें टूर्नामेंट में तीसरा सबसे ज्यादा गोल करने वाला खिलाड़ी बनाया, बल्कि भारतीय हॉकी में भविष्य के सितारे के रूप में उनकी क्षमता भी साबित की। संजय ने जून 2022 में सीनियर टीम के साथ अपने सफर की शुरूआत की और भारत को उद्घाटन एफआईएच हॉकी 5एस जीतने में भूमिका निभाई। ड्रैग-फ्लिकर के रूप में उनके कौशल ने महत्वपूर्ण जीत हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संजय ने हांगझोऊ, चीन में 19वें एशियाई खेल 2022 और एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 जैसे प्रमुख टूनामेंटों में भी भाग लिया है, जहां टीम ने स्वर्ण पदक जीते। एफआईएच जूनियर विश्व कप भुवनेश्वर 2021 में उनके प्रदर्शन ने भारत को चौथा स्थान दिलाया और उन्होंने 2018 में तीसरे युवा ओलंपिक खेलों में रजत पदक भी हासिल किया। संजय को 2021 में अंडर-21 में वर्ष के उभरते खिलाड़ी (पुरुष) के लिए हॉकी इंडिया जुगराज सिंह पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अब संजय का पूरा ध्यान पेरिस ओलंपिक पर है और उनका लक्ष्य एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित करना है। उन्होंने कहा, मैं एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित करके और प्रत्येक मैच में अपना 100 प्रतिशत देकर ओलंपिक पर ध्यान केंद्रित करूंगा। मेरा लक्ष्य पूरी तरह प्रतिबद्ध रहना है और यह सुनिश्चित करना है कि मैं मैदान पर हर अवसर के साथ अपनी टीम की सफलता में योगदान दूं। यह वह क्षण है जिसके लिए मैंने बहुत मेहनत की है और मैं इसका अधिकतम लाभ उठाने का इरादा रखता हूं।

# हरमनप्रीत, शैफाली महिला टी20 रैंकिंग में आगे बढ़ीं

- बल्लेबाजी रैंकिंग में भारत की विकेटकीपर ऋचा घोष चार पायदान ऊपर 24वें

**दुबई।** भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर और ओपनर शैफाली वर्मा श्रीलंका में चल रहे महिला एशिया कप में अपने हालिया प्रदर्शन के बाद आईसीसी महिला टी20 खिलाड़ी रैंकिंग में आगे बढ़ गई हैं। ताजा टी20 रैंकिंग में हरमनप्रीत और शैफाली संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर हैं। हरमनप्रीत के पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद पांच और संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ 66 रन के स्कोर ने उन्हें एक स्थान हासिल करने में मदद की है, जबकि शैफाली के 40 और 37 के स्कोर ने उन्हें चार स्थान ऊपर उठाया है। श्रीलंका की ऑफ स्पिनर इनोशी प्रियदर्शनी बांग्लादेश के खिलाफ दो और मलेशिया के खिलाफ एक विकेट लेने के बाद तीन स्थान आगे बढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में भारत की विकेटकीपर ऋचा घोष चार पायदान ऊपर 24वें, बांग्लादेश की मुर्शिदा खातून छह पायदान ऊपर 47वें, श्रीलंका की विशमी गुणरत्ने सात पायदान ऊपर 51वें और थाईलैंड की नट्टाया बूचथम 10 पायदान ऊपर 76वें स्थान पर पहुंच गई हैं। गेंदबाजों में बांग्लादेश की नाहिदा अख्तर नौ पायदान ऊपर 21वें स्थान पर हैं जबकि मारुफा अख्तर एक पायदान ऊपर 26वें स्थान पर हैं। श्रीलंका की उदेशिका प्रबोधनी चार स्थान आगे बढ़कर 30वें स्थान पर और भारत की श्रेयंका पाटिल 19 स्थान ऊपर चढ़कर 41वें स्थान पर पहुंच गई हैं। इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट, जिन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी घरेलू श्रृंखला के अंतिम मैच में 31 गेंदों पर नाबाद 46 रन की मैच विजयी पारी खेली, जिससे इंग्लैंड ने श्रृंखला 5-0 से जीत ली, दो स्थान हासिल करके शीर्ष 20 में फिर से प्रवेश कर गई है। उनकी टीम की साथी नई गेंद की गेंदबाज लॉरेन बेल तीन विकेट लेने के बाद शीर्ष 10 में पहुंच गई हैं। न्यूजीलैंड की अमेलिया केर बल्लेबाजी रैंकिंग में दो स्थान आगे बढ़कर 13वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि उनकी बहन जेस केर गेंदबाजी रैंकिंग में पांच स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त 42वें स्थान



# आईसीसी की वार्षिक बैठक में भारत-पाकिस्तान के बीच टी20 सीरीज का आया प्रस्ताव?

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 द्विपक्षीय सीरीज को लेकर चर्चा चल रही थी, लेकिन बताया जा रहा है कि कोलंबो में हुई आईसीसी की वार्षिक बैठक में ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं पेश किया गया। ऐसी अफवाह थी कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मोहसिन नकवी बैठक के दौरान अगले साल भारत को टी20 द्विपक्षीय सीरीज खेलने का न्योता दे सकते हैं। हालांकि, भारत चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा करेगा या नहीं इसे लेकर अब तक कुछ स्पष्ट नहीं हो सका है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार, पीसीबी ने टी20 द्विपक्षीय सीरीज को लेकर किसी भी प्रस्ताव को खारिज किया है और उसका पूरा ध्यान फिलहाल चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन पर केंद्रित है। रिपोर्ट के मुताबिक, पीसीबी सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान का अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम व्यस्त है और भारत के खिलाफ सीरीज खेलने के लिए कोई विंडो खाली नहीं है। पीटीआई के हवाले से सूत्र ने कहा, ऐसा कोई भी प्रस्ताव फिलहाल नहीं लाया गया है क्योंकि हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती चैंपियंस ट्रॉफी का सुचारु रूप से आयोजन कराना है। इसके अलावा हमारा अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम भी काफी व्यस्त है।



### चैंपियंस ट्रॉफी पर नहीं हुई चर्चा

आधिकारिक बयान में बैठक के दौरान चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर कोई जिक्र नहीं था। आईसीसी ने कहा कि उन्होंने अमेरिका क्रिकेट को नोटिस भेजा है और उसे आईसीसी सदस्य मानदंड में गैर अनुपालन को सुधारने के लिए 12 महीनों का समय दिया है। मालूम हो कि चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन पाकिस्तान में 19 फरवरी से होना है। हालांकि, इस बात की संभावना कम है कि भारत इस टूनामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा करेगा। माना जा रहा है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) आईसीसी से हाईब्रिड मॉडल के तहत इस टूनामेंट को कराने की मांग कर सकता है जिसके अनुसार भारत अपने मुकाबले श्रीलंका या यूएई में खेल सकता है। इसे लेकर फिलहाल आधिकारिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी गई है।

# पेरिस में हम अपनी संभावनाओं को लेकर आश्वस्त हैं : तीरंदाज दीपिका कुमारी

**नई दिल्ली।** भारत की शीर्ष तीरंदाज दीपिका कुमारी पेरिस ओलंपिक में टीम की संभावनाओं को लेकर आश्वस्त हैं। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में स्पष्ट संचार से उन्हें चतुष्कोणीय आयोजन में लाभ मिलेगा। भारतीय तीरंदाज पेरिस में सभी पांच पदक स्पधाओं : पुरुष और महिला टीमें, व्यक्तिगत और मिश्रित श्रेणियां में प्रतिस्पर्धा करेंगे । महिला टीम में दीपिका के अलावा 2022 एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता अंकिता भकत और भजन कौर सहित असाधारण प्रतिभा शामिल हैं। दीपिका ने जियोसिनेमा के 'द ड्रीमर्स' पर कहा, ह्लकिसी भी टीम की ताकत उसके संचार और संयोजन में निहित होती है। विभिन्न स्थितियों में एक-दूसरे का समर्थन करना आवश्यक है। हम खूब बातें करते हैं और चर्चा करते हैं कि विभिन्न परिदृश्यों से कैसे निपटा जाए। स्पष्ट संचार, विशेष रूप से कठिन परिस्थितियों में, हमारे लिए एक बड़ी ताकत है। हम ओलंपिक में अपनी संभावनाओं को लेकर आश्वस्त हैं। भकत, जो ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करने का आजीवन सपना पूरा कर रही हैं, ने टीम की प्रगति पर विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने कहा, जब से मैंने तीरंदाजी शुरू की है, मैंने हमेशा ओलंपिक में खेलने का सपना देखा है। अब वह सपना सच हो रहा है । पिछले विश्व कप में, हमने शायद ही कभी पोडियम मैच खेले हों, लेकिन इस बार यह अलग है। हमने अपनी शुरूआती असफलताओं से सीखा और काफी सुधार किया। प्रत्येक प्रतियोगिता में हमारा प्रदर्शन लगातार बेहतर रहा है और मुझे विश्वास है कि हम ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने आत्म-विश्वास के महत्व पर जोर देते हुए कहा, मुझे पता है कि मैं किस स्तर का प्रदर्शन करने में सक्षम हूं। जब मैं अपना 100 प्रतिशत दूंगी तो पदक निश्चित रूप से मिलेगा। भजन ने भकत की भावनाओं को प्रतिध्वनित किया, निरंतर सुधार और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने के महत्व पर जोर दिया। कौर ने कहा, दूसरे विश्व कप में मेरा प्रदर्शन पहले विश्व कप की तुलना में काफी बेहतर था, इसलिए मुझे पहले विश्व कप के बाद से अपनी प्रगति के बारे में विजयी महसूस होने लगा था। जब भी हम किसी टूनामेंट के लिए जाते हैं, हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, चाहे टूनामेंट कितना भी बड़ा क्यों न हो। हमारा लक्ष्य ओलंपिक के लिए भी कोई कसर नहीं छोड़ना है और हमें विश्वास है कि हम पेरिस से पदक लेकर लौटेंगे। भकत ने टीम में दीपिका कुमारी जैसी अनुभवी खिलाड़ी के होने के अमूल्य अनुभव की ओर भी इशारा किया। यह एक बड़ा फायदा है कि दीपिका चौथी बार ओलंपिक में जा रही हैं। वह उन चुनौतियों को समझती हैं जिनका हमें पेरिस में सामना करना पड़ सकता है। भजन ने कहा, अंकिता के साथ-साथ दीपिका का अनुभव हमारी सबसे बड़ी ताकत है। वे हमारे खेल में किसी भी मुद्दे को समझने और उसे सुधारने में हमारी मदद करती हैं। एक-दूसरे से संवाद करने और समर्थन करने की हमारी क्षमता महत्वपूर्ण है। भारत की सबसे प्रतिष्ठित तीरंदाजों में से एक दीपिका खेल में उत्कृष्टता की प्रतीक रही हैं। पूर्व विश्व नंबर 1 तीरंदाज ने विश्व कप, एशियाई चैंपियनशिप, राष्ट्रमंडल खेल, विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों में पदक जीते हैं।



# पाकिस्तान ने यूएई को 10 विकेट से रौंदा



**दांबुला।** गेंदबाजों के सटीक प्रदर्शन और गुल फिरोजा के बेहतरीन अर्धशतक की मदद से पाकिस्तान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को मंगलवार को 10 विकेट से रौंद कर महिला एशिया कप के ग्रुप ए में दूसरा स्थान हासिल कर लिया।

पाकिस्तान की भारत से पहला मैच हारने के बाद यह लगातार दूसरी जीत है और उसने सेमीफाइनल के लिए अपना दावा मजबूत कर लिया है। उसे सेमीफाइनल के लिए भारत और नेपाल के बीच आज होने वाले अंतिम ग्रुप मैच के परिणाम का इन्तजार करना होगा। पाकिस्तान ने यूएई को 20 ओवर में आठ विकेट पर 103 रन पर रोकने के बाद 14.1 ओवर में बिना कोई विकेट खोये 107 रन बनाकर 35 गेंद शेष रहते एकतरफा जीत हासिल की।

अपने अर्धशतक और दो कैच लपकने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच बनी गुल फिरोजा ने मुनीबा अली के साथ ओपनिंग साझेदारी में 107 रन जोड़े। गुल फिरोजा ने 55 गेंदों में आठ चौकों की मदद से नाबाद 62 रन बनाये जबकि मुनीबा अली ने 30 गेंदों पर चार चौकों के सहारे नाबाद 37 रन बनाये। यूएई की यह लगातार तीसरी हार थी और वह टूनामेंट से बाहर हो गयी।

# हरिओम शर्मा की गिरफ्तारी लेकार को दलित समाज के सैकड़ों लोगों ने तहसील पर किया प्रदर्शन




**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** निजी शैक्षिक संस्थान ज्ञान स्थली के चेयरमैन द्वारा दलित समाज के लोगों पर अभ्रद टिप्पणी करना व उसकी ऑडियों सौशल मीडिया पर वायरल होना महंगा पड़ता जा रहा है। उनकी इस हरकत से क्षुब्ध हो मंगलवार को सैक्कड़ों की संख्या में दलित समाज से जुड़े सैकडों लोग तहसील पंहुचे और उन्होंने जमकर नारेबाजी करते हुये महामहीम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौपते हुये शीघ्र ही शैक्षिक संस्थान की मान्यता रद् कराये जाने, सिलिंग की कार्रवाही किये जाने व आरोपी हरिओम शर्मा को गिरफ्तार किये जाने की मांग की है। इसके बाद से मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है और हरिओम शर्मा की मुश्किले बढ़ती जा रही है।

बताते चले कि दो दिन पहले भोजपुर थानान्तर्गत हापुड़ रोड स्थित ज्ञान स्थली शैक्षिक संस्थान के चेयरमैन हरिओम शर्मा का एक आडियो सोशल मीडिया में वायरल होना बताया जा रहा है जिसमें हरिओम शर्मा एक दलित छात्र को जाति सूचक शब्द बोलते हुए सुनाई दे रहे हैं, और दलित समाज को कॉलेज में एडमिशन न देने की बात कर रहे हैं। ऑडियो में छात्र व पूरे दलित समाज को बुरा भला कहते हुए आवाज सुनाई दे रही है। मामला इतना हाईलाइट हुआ की, सोमवार को दलित समाज के सैकड़ों लोग एकजुट हो भोजपुर थाने पहुंच गए, और जमकर नारेबाजी करते हुये हरिओम शर्मा पर कानूनी कार्रवाही करने की मांग की। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुये मामले में जिला पंचायत सदस्य अनिल गौतम की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर हरिओम शर्मा के विरूद्व भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 352 व एससीएसटी की धारा में रिपोर्ट दर्ज करते हुये मामले की जांच शुरू कर दी है। मंगलवार को सैकडों की संख्या में दलित समाज के लोग तहसील पंहुचे और नारेबाजी करते हुये हरिओम शर्मा की गिरफ्तार के साथ ही कॉलिज की मान्यता रद् करने, सीलिंग की कार्रवाही करने आदि की मांग करते हुये महामहीम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम पूजा गुप्ता को सौपा। उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस के आलाधिकारियों से बात कर उचित कार्रवाही का आश्वासन दिया है। इस दौरान प्रदर्शनकारियों में जिला पंचायत सदस्य अनिल गौतम, विनोद गौतम, मोहित जाटव, लीलाराम जाटव, मनोज प्रधान, राहुल त्यागी, धीर सिंह गौतम, पूर्व सभासद डॉ0 राजकुमार, सुबोध जाटव, जयवीर सिंह आदि मौजूद रहें।

## शिव भक्त कांवड़ियों की सेवा के लिए प्रदेश सरकार ने किये है समुचित प्रबंध : विधायक अजीत पाल त्यागी



**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में क्षेत्रीय विधायक अजीतपाल त्यागी ने पाइपलाइन मार्ग स्थित चुंगी नंबर तीन पर कांवड़ सेवा शिविर का उद्धघाटन किया ' क्षेत्रीय विधायक ने अपने सम्बोधन में कहा कि हरिद्वार ,गौमुख ,गंगोत्री से पवित्र गंगा जल लेकर आने वाले शिव भक्त कांवड़ियों के लिए प्रदेश सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी जिला अधिकारी ,एसएसपी ,आईजी ,कमिश्नर को स्पष्ट निर्देश दिए है कि किसी भी कांवड़िया को कांवड़ यात्रा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो आज सारा प्रशासन कांवड़ियो की सेवा में जुटा है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार ,गौमुख ,गंगोत्री से पवित्र गंगाजल लेकर आने वाले शिव भक्त कांवड़ियों की वजह से सनातन धर्म मजबूत हो रहा है। क्षेत्रीय विधायक ने पाइपलाइन चुंगी नंबर 3 शिविर संचालको का धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा करने के लिए उत्तम व्यवस्था की है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ब्रजपाल तेवतिया भी सेवा शिविर के उद्धघाटन में शामिल रहे। सेवा शिविर के संयोजक बॉबी पंडित ,राकेश शर्मा ,परशुराम सेवा दल के अध्यक्ष विनोद मिश्रा ,ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी ,मनोज शर्मा ,नितिन गोयल ,रोहताश मित्तल ,हरकेश त्यागी ,गीता चौधरी ,सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## बधाई





**गाजियाबाद ( करंट क्राइम )।** बीजेपी महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, महामंत्री पप्पू पहलवान ने इंदिरापुरम मंडल में आने वाले वार्ड 81 के पार्षद धीरज अग्रवाल के जन्मदिन को खास बनाया। उनके जन्मदिन का केक कटवाया। बधाई शुभकामनाएं दीं। महामंत्री गोपाल अग्रवाल, महामंत्री सुशील गौतम, मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी,धीरज शर्मा, पिंटू तोमर भी बधाई शुभकामनाएं देने वालों में रहे। जन्मदिन की खुशी को फेसबुक पर साझा करती है।

## पार्षद ललित कश्यप ने किया भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सावन के पहले सोमवार को पार्षद ललित कश्यप ने अपने मित्र गणों के साथ में दूधेश्वर नाथ मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। दूधेश्वर नाथ मंदिर में गाजियाबाद से बाहर के लोग भी काफी संख्या में आते हैं और गाजियाबाद शहर से भी आते हैं। भगवान भोलेनाथ सदैव अपने भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं।

## इस बार का बजट है साधारण

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** आज का बजट साधारण बजट है जन्हा पर कुछ अति उत्साहवर्धक छूट हैं वन्ही बेरोजगार युवकों के लिए पाँच हजार का का भत्ता जरुर ही बेराजगारो को सहायता परदान करेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर पर विशेष ध्यान दिया गया लेकिन नौकरी पेशा लोगो के लिये छूट कुछ खास नहीं है। मुद्रा लोन में जरूर बढ़ोतरी सराहनीय कदम है जिससे लघु उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। मुफ़्त राशन योजना को बढ़ा दिया गया है जो आवश्यक नहीं था गरीबो के नव रोजगार का वयवस्था होनी चाहिए।

### किसानों और महिलाओं का ध्यान पर्सनेंसनीय है



**करंट क्राइम।** उद्योगों को बजट में कोई खास रियायत नहीं है। ब्याज माफी या अन्य कोई छूट का कोई योजना नहीं है जिससे उद्योगों कोई राहत मिल सके। कुल मिलाकर बजट में सभी को साधने की कोशिश की गई है यह एक साधारण बजट है।

डॉ पी कुमार
उपाध्यक्ष एसोचैम उत्तर परदेस।

## 10 हजार रुपये का इनामी गिरफ्तार

**हापुड।** थाना हाफिजपुर पुलिस ने नामी कंपनियों की नकली/अपमिश्रित शराब बनाने वाले गिरोह के फरार सदस्य को गिरफ्तार कर लियाहै। पकड़ा गए आरोपी पर पुलिस ने 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ था। गिरोह के 9 सदस्यों को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। दरअसल, थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने जानकारी देते हुए बताया कि नामी कंपनियों की नकली/अपमिश्रित शराब बनाने वाले गिरोह के फरार चल रहे सदस्य को मुखबिर की सूचना पर रामपुर अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया गया है।

## चोर गैंग का पर्दाफाश, घर और फैक्ट्री में करते थे चोरी



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में थाना बीटा-2 पुलिस ने एक चोर गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस गैंग के चार बदमाशों के गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरापी घरों और फैक्ट्रियों में चोरी की वारदातों को अंजाम देत हैं। खास बात यह है कि आरोपी चोरी की बाइक पर सवार होकर वारदात करने के लिए निकलते थे। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल दिया है।

**नोएडा, दिल्ली, गाजियाबाद में की कई वारदात**

पुलिस ने मंगलवार को सिग्मा-3 गोल चक्कर के पास से चार चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान शाहरुख, तोशिफ, शमशाद और दानिश के रूप में हुई है। चारों आरोपी ग्रेटर नोएडा के अलग-अलग जगहों के रहने वाले हैं। इनके कब्जे से 10 मोबाइल फोन, 2 लैपटॉप, चांदी की वीणा मूर्ति, तांबे का तार, दो हजार रुपये नकद, 2 चोरी की मोटरसाइकिल और 1 अवैध पिस्तौल और 2 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि उन्होंने दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और एनसीआर में कई वारदातों को अंजाम दिया है।

**रेकी करने के बाद करते थे चोरी**

पुलिस ने बताया कि इस गैंग का सरगना सरगना शमशाद है। शाहरुख, तौसीफ, दानिश, प्रशांत इस गिरोह के सदस्य हैं, जो रेकी करने के बाद फैक्ट्रियों और बंद घरों से सोने-चांदी के आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक सामान, सेनेटरी का सामान, मोटरसाइकिल चोरी करते थे।

# सुभास पार्टी ने अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद का 118वां जन्मदिवस मनाया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभास पार्टी) ने मंगलवार को अपने कार्यालय सुभाषिनी ऑफसेट, जगदीश नगर, गाजियाबाद पर अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद का 118वाँ जन्मदिवस बड़ी धूम-धाम से मनाया। अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर माल्यार्पण कर जन्म दिवस समारोह की शुरूआत करते हुए सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभास पार्टी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने आजाद को नमन करते हुए कहा चन्द्रशेखर आजाद बाल्यकाल अवस्था से ही भारत माता को आजाद कराने के लिए अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने लगे थे। श्रीवास्तव जी ने बताया चंद्रशेखर आजाद का जन्म मध्य प्रदेश के भाबरा नामक स्थान पर एक साधारण परिवार में हुआ। बचपन में आजाद गाँधी से बहुत प्रभावित थे और उनके हर आन्दोलन में शामिल होते थे। बाद में उन्होंने क्रांतिकारी दल का दामन थामा और आजीवन भारत माता को आजाद कराने में लगे रहे। सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी संयोजक सतेन्द्र यादव ने आजाद को उनके जन्मदिन पर याद करते हुए कहा आजाद ज्यादा पढ़े लिखे तो नहीं थे लेकिन उनमें सम्पूर्ण भारत को समझने कि व क्रांतिकारी दल का नेतृत्व करने की जो विलक्षण क्षमता थी वह शायद ही किसी में हो। अंग्रेज आजाद से इतने घबराते थे कि जब आजाद इलाहाबाद में पार्क में शहीद हुए तब काफी देर तक किसी भी अंग्रेज अधिकारी की हिम्मत उनके मृत देह तक पहुंचने की नहीं हुई।

**गणमान्य लोग मौजूद रहे**

इस अवसर पर मनोज कुमार शर्मा 'होदिया', अनिल मिश्रा विनोद अकेला डॉ अशोक शर्मा डी सी माथुर पवन सक्सेना श्रीमति राजकुमारी यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर मुख्य रुप से पूर्व डीजीसी सुरेश यादव राजीव गौतम गोपाल सिंह दीपक वर्मा सुनील दत्त प्रदीप पाठक धीरेंद्र भदोरिया डीसी माथुर कमल यादव पन्नालाल संजय पासवान संजय कुमार राम गणेश सिंह गणेश शर्मा अशोक शर्मा अजय श्रीवास्तव संजय श्रीवास्तव अनिल श्रीवास्तव दिग्विजय सिंह शिव कुमार सिंह रघुवंशी एन डी दीक्षित शिव कुमार सिंह राम नरेश ठाकुर हरीश कुमार सूरज सन्यासी रणधीर कुमार कवि अभिलाषी विकास कुमार धर्मेंद्र यादव राहुल विनोद गुप्ता राम गोपाल, नसरूद्दीन मलिक, जगदीश गोयल, दीपक कुमार, रिंकू, अक्षय, रोहित राजेंद्र यादव आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।




## कंट्रोल रूम में लगेंगे सभी अधिकारियों के नंबर

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में इन दिनों कांवड़ यात्रा की तैयारी को लेकर जबरदस्त प्लानिंग चल रही है। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत होने वाली कांवड़ यात्रा कंट्रोल रूम को लेकर अंतिम रूप देना शुरू भी कर दिया गया है। वहीं सूत्रों से जानकारी मिली है कि मेरठ रोड पर बनने वाले पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस के अधिकारियों के साथ ही गाजियाबाद के अन्य वरिष्ठ अलग-अलग विभागों के अधिकारियों के फोन नंबर और नाम भी इस बारे लिखवाए जा रहे हैं। सूत्रों ने बताया है कि मेरठ रोड पर बनने वाला मुख्य कंट्रोल रूम लगभग 27 जुलाई से फुल फ्लैश एक्टिव हो जाएगा। यहां से पूरे कांवड़ मार्ग के कैमरों की मॉनिटरिंग के साथ ही ड्रोन वाली फीड भी देखी जा सकेगी। इसी के साथ कई थानाक्षेत्रों की फोर्स और स्वास्थ्य विभाग से लेकर नगर निगम और प्रशासन के अधिकारियों का कांवड़ यात्रा के दौरान यह सेंटर पॉइंट भी बनेगा। यहां की अधिकांश जिम्मेदारी प्रशासन और सिविल डिफेंस के हवाले रहेगी। वहीं पुलिस के अधिकारियों का भी यहां बड़ा रोल देखने को मिलेगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि डायवर्जन प्लान वैसे 22 तारीख से ही लागू कर दिया गया था लेकिन अभी भी भारी व बड़े वाहनों का दौर जारी है। अभी कांवड़ियों की संख्या इतनी नहीं बढ़ी है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में 27 तारीख से हल्के वाहनों का आवागमन भी कांवड़ मार्ग रूट पर बंद कर दिया जाएगा। सूत्रों ने बताया है कि कमिश्नरेट वाले अधिकारियों से लेकर कई प्रमुख वरिष्ठ अधिकारियोंसे लेकर व्यवस्था वाले अधिकारियों के नाम व नंबर लिखवाए जा रहे हैं। उधर सुनने में आ रहा है कि कांवड़ियों की भीड़ बढ़ते ही जिले के आईपीएस अधिकारियों की टीमें सड़कों पर नजर आने वाली हैं। इसी के साथ डाक कांवड़ियों की फौज का स्वागत भी इस बार पुलिस करेगी। वहीं नगर निगम की ओर से कांवड़ियों के स्वागत व पुष्प वर्षा के लिए इस बार भी मार्ग व स्थल कंट्रोल रुम के आसपास ही होने वाला बताया जा रहा है। वहीं आने वाले दिनों में कांवड़ को लेकर खाकी के अलग-अलग रुप व कार्य भी सोशल मीडिया सेल से लेकर यूपी पुलिस के पेज पर नजर आने वाले हैं। इसी के साथ ही तकनीक के जरिये ड्रोन भी शिव भक्तों के दर्शन व तैयारी दर्शाने का काम करेगा।



## समाजवादी पार्टी कार्यालय पर अमर बलिदानी चंद्रशेखर आजाद की जयंती और स्वतंत्रता संग्राम के जनक बाल गंगाधर तिलक का जन्मदिवस मनाया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी कार्यालय जनपद गाजियाबाद पर मंगलवार को महान क्रांतिकारी अमर बलिदानी चंद्रशेखर आजाद की जयंती और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के जनक समाज सुधारक बाल गंगाधर तिलक का जन्मदिवस मनाया गया। जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट ने स्वतंत्रता संग्राम में सरदार भगत सिंह का योगदान व उनकी विचारधारा पर कार्यकर्ताओं के समक्ष अपने विचार रखे। वीरेंद्र यादव एडवोकेट महानगर अध्यक्ष ने बाल गंगाधर तिलक के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान के बारे में अवगत कराया।

**गणमान्य लोग मौजूद रहे**

कार्यक्रम में फैसल हुसैन एडवोकेट जिला अध्यक्ष, वीरेंद्र यादव एडवोकेट महानगर अध्यक्ष, नितिन त्यागी जिला महासचिव, राजन कश्यप महानगर महासचिव, गुलाब यादव महानगर उपाध्यक्ष, विशाल वर्मा पूर्व विधायक प्रत्याशी, विकास यादव जिला पंचायत सदस्य, रश्मि चौधरी जिला अध्यक्ष महिला सभा, इरफान अमानत चौधरी जिला अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड, रविंद्र यादव महानगर अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड, ठाकुर विक्की सिंह महानगर अध्यक्ष युवजन सभा, ऋतु खन्ना महानगर अध्यक्ष महिला सभा, असलम कुरेशी जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, विवेक त्यागी महानगर अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, राजवीर सिंह जिला अध्यक्ष एससी प्रकोष्ठ, हाजी नूर हसन चौधरी जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, अंशु ठाकुर जिला अध्यक्ष छात्र सभा, ललित गुर्जर जिला अध्यक्ष पिछला वर्ग प्रकोष्ठ, मोहम्मद अब्बास हैदर महानगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक, दिनेश गुर्जर लोनी विधानसभा अध्यक्ष, आकाश अग्रवाल मुरादनगर विधानसभा अध्यक्ष, ताहिर हुसैन प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, नूर खान कार्यकर्ता, कृष्ण कुमार यादव जिला सचिव, शशि कश्यप जिला महासचिव महिला सभा, शाहिद सैफी आशा कुशवाहा एडवोकेट, राजेश सिंह, नवीन कुमार शर्मा महानगर सचिव, फिरोज प्रधान प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक सभा आदि लोग मौजूद रहे।

## नमकीन की एजेंसी दिलाने के नाम पर व्यापारी से ठगे 55 हजार रुपए

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र के गांव धेदा निवासी एक युवक से नामी कंपनी की एजेंसी दिलाने के नाम पर 55 हजार रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव धेदा स्थित हिसाली मार्ग पर निवासी प्रेमपाल सिंह अटलदार के पास परचून की दुकान करते है। उनके पास सोमवार को कार से तीन युवक आए और कहने लगे की नामी नमकीन कंपनी की एजेंसी मिल सकती है। इसके बाद कुछ जरुरी कागजात तैयार करने होगे। और युवकों ने प्रेमलाल से 55 हजार रुपए ले लिए। जो युवक अपना मोबाइल नम्बर देकर गए तो वह बंद आ रहा है। इसके बाद पीड़ित को अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है।

## सुप्रीम निर्णय के बाद दुकानदारों ने ली राहत की सांस

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** कांवड़ यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले सैकडों की संख्या में होटल ,ढाबे और खाने पीने की दुकान संचालकों को उस समय बड़ी राहल मिली जब उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय आने के बाद दुकान के बाहर नेम प्लेट के निर्णय को वापस किये जाने का फरमान सुनाया। हालांकि दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठानों के बाहर रेट लिस्ट लगा ली है। सुप्रीम निर्णय के बाद दुकानदार राहत महसूस कर रहे है। दिल्ली मेरठ मार्ग पर मोदीनगर क्षेत्र में सौ से अधिक होटल, ढाबे व खाने पीने की दुकानें स्थित है। बता दें कि सोमवार को पुलिस प्रशासन ने अभियान चलाकर कांवड़ यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले होटल, ढाबे व खाने पीने की दुकान संचालकों से नाम, रेट लिस्ट व मोबाइल नम्बर लिखने के निर्देश दिये थे, लेकिन सोमवार दोपहर को सुप्रीम कोर्ट ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानदारों को अपनी पहचान बताने के आदेश पर रोक लगाते हुये यह कहा गया है कि वह किस तरह का खाना यानि शाकाहारी या मांसाहारी परोस रहे है, तो इसकी जानकारी सार्वजनिक करेंगे। दुकानदारों द्वारा अपना नाम अंकित करने की अनिवार्यता को सामाप्त कर दिया है। इस आदेश के बाद दुकानदारों ने राहत की सास ली है। दुकानदारों का कहना है कि रेट लिस्ट तो हर बाहर ही लगाई जाती है। लेकिन इस बार नाम व मोबाइल नम्बर लिखने को जो आदेश आया था वह सिरदर्द कर रहा था। वही, दुकानदारों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश स्वागत योग्य है। नाम लिखना या ना लिखना यह अपनी निजी राय है। उनका कहना है कि हर दुकानदार को अपना नाम व मोबाइल नम्बर जरुर लिखना चाहिए। उत्तर प्रदेश व्यापार मंड़ल मोदीनगर के अध्यक्ष अमित गोयल कहते है कि कुछ होटल, ढाबा संचालकों ने ही नाम व रेट लिस्ट लगाई है। कुछ ठेली वालों ने भी अपना नाम लिखा है, लेकिन अधिंकाश ने ऐसा नहीं किया है। होटल संचालकों का कहना है कि रेट लिस्ट तो हर बार लिखी जाती है। इस बार भी चस्पा कर दी जाएंगी।

## हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत , डंपिग ग्राउंड हटाने की मांग

### 5 अगस्त को महापंचायत में अधिकारियों को एक लाख हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम दिया जाएगा

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में पाइप लाइन मार्ग पर गांव भिक्कनपुर में बने कूडे के पहाड़ को हटाने के लिए डंपिग ग्राउंड संघर्ष समिति ने एक लाख हस्ताक्षर कराने का अभियान की शुरूआत कर दी है। 5 अगस्त को महापंचायत में अधिकारियों को एक लाख हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम दिया जाएगा। ग्रामीण ने मंगलवार को सिद्धेश्वर महादेव कुटी आश्रम के महंत मुकेशानंद गिरी पहला हस्ताक्षर से पहला हस्ताक्षर कराकर अभियान की शुरूआत की गई। हस्ताक्षर अभियान के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया गया। हर समिति को 25 हजार हस्ताक्षर कराने की जिम्मेदारी दी गई है। पांच अगस्त तक एक लाख हस्ताक्षर ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजा जाएगा। सलेक भैया ने बताया कि 5 अगस्त महापंचायत की तैयारी शुरू कर दी गई है ' इस मौके पर रणबीर प्रधान, कृष्ण देव आर्य प्रधान, आकाश चौधरी प्रधान, सुरेश प्रधान, प्रवीण मुखिया, टीटू चेयरमैन, के.के. त्यागी, बृजपाल सिंह निमेष, मिन्टू प्रधान, बूटन त्यागी, योगराज त्यागी, शिवराज सिंह त्यागी, सूरज मुनि त्यागी, दक्ष नागर आदि शामिल रहे।

## स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन




**लोनी करंट क्राइम।** मंगलवार को लोनी खण्ड के मीरपुर हिन्दू गांव में कौशल विकास उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान गाजियाबाद के द्वारा जनपद गाजियाबाद के खण्ड- लोनी के गांव मीरपुर हिन्दू में भारत सरकार के दिशा निर्देशन पर स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। जन शिक्षण संस्थान गाजियाबाद के निदेशक डॉ राजेंद्र सिंह के निदेर्शानुसार जनपद गाजियाबाद के खंड लोनी के गांव मीरपुर हिंदू में वृक्षारोपण का आयोजन प्रशिक्षण स्थल गांव-मीरपुर हिंदू किया गया। सब सेंटर के अनुदेशिका और लाभार्थियों के द्वारा 101 फलदार एवं छायादार वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आरोह फाउंडेशन से फाइनेंशियल काउंसलर रविंद्र कुमार ने सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। साथ ही फलदार एवं छायादार वृक्षों का रोपण भी सुचारू रूप से कराया। कार्यक्रम में अनुदेशियों सहित 40 लाभार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का आयोजन गांव मीरपुर हिंदू सेंटर के को ऑर्डिनेटर विजेंद्र कुमार त्यागी ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने जन शिक्षण संस्थान गाजियाबाद के कार्यक्रम अधिकारी गुरुदीन, सब सेंटर मीरपुर हिंदू की अनुदेशिका जिया, शिल्पा, अंजली, पायल, काजल प्राची का विशेष योगदान रहा।

## कुत्ते के काटने से 4 साल के बच्चे की मौत, प्रशासन ने किया सतर्क



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मसूरी थाना क्षेत्र, ग्राम बड़ायला में एक बेहद दुखद घटना में, चार साल के मीतत्यांश, पुत्र शिवकुमार, ने कुत्ते के काटने के 28 दिन बाद अपनी जान गंवा दी। मीतत्यांश को 28 दिन पहले एक कुत्ते ने काटा था, जिसके बाद उसका इलाज जीवन अस्पताल और सीएससी भोजपुरी में जारी रहा। उसे एआरवी वैक्सीन भी दी गई, लेकिन इसके बावजूद मीतत्यांश की मौत हो गई। यह घटना न केवल परिवार के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लोगों के लिए भी एक गहरी चिंता का विषय बन गई है। मीतत्यांश के नाना, किशोर, ने इस घटना के बाद लोगों को जागरूक करने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को कुत्तों से बचाएं और उन्हें बाहर अकेला न भेजें। स्थानीय प्रशासन ने इस घटना के बाद लोगों को सतर्क रहने और कुत्तों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का आश्वासन दिया है। यह घटना हमें बताती है कि कुत्तों के काटने के मामले को गंभीरता से लेना और तत्काल चिकित्सा सहायता प्राप्त करना कितना महत्वपूर्ण है।

## देश का बजट - उत्पति का बजट : अरविंद भारतीय



**मुरादनगर ( करंट क्राइम )।** भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद के पूर्व जिला अध्यक्ष अरविंद भारतीय का कहना है कि वित मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में बजट पेश करके देश के चहुमुखी विकास - बेरोजगार युवको को नौकरी, गरीब को आवास, मुफ्त बिजलो का प्रावधान कर मुद्रा लोन को 20 लाख करने तथा हर नागरिक को सुविधा वाला बजट पेश किया है, महागाई को कम करने जैसे प्रस्तावों से देश की जनता को लाभ मिलेगा '

# पाकिस्तान में आटा-दाल की कीमतें आसमान छूने से जनता हुई हलकान, महंगाई दर 23 फीसदी

## नसीब नहीं हो रही दो वक्त की रोटी



**कराची।** गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान में जनता महंगाई से हलकान है। खाना पकाने के तेल, दालें, आटा, चीनी और दूध जैसी रोजमर्रा की 25 वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं।

इन वस्तुओं के दाम बढ़ने से पाकिस्तान में महंगाई दर 23 फीसदी से अधिक हो गई है। जनता को राहत देने के सरकार के तमाम दावों के बावजूद पिछले दिनों में दालों की कीमत में पाकिस्तानी मुद्रा में 65 रुपये प्रति किलो तक की वृद्धि हुई है, जबकि खाद्य तेल 30-40 रुपये प्रति लीटर महंगे हुए हैं।

चीनी 25-30 रुपये प्रति किलोग्राम महंगी हो गई है। कराची निवासी अशरफ कहते हैं, सरकार को बढ़ती कीमतों को नियंत्रित कर गरीबों की मदद करनी चाहिए। लोग सड़कों पर रात-दिन कड़ी मेहनत करते हैं, फिर भी दो वक्त का भोजन जुटा पाना मुश्किल हो गया है। सरकार को गरीबों व मध्यमवर्ग की कोई परवाह ही नहीं है। वहीं, सिकंदर कहते हैं कि महंगाई ऊपर से नीचे तक सभी को प्रभावित करती है।

पाकिस्तान में कॉस्ट ऑफ लिविंग आसमान छूने लगी है। लोग रोजमर्रा की जरूरतें भी मुश्किल से जुटा पा रहे हैं। पाकिस्तानी रुपये के मूल्य में भी जबरदस्त गिरावट आ रही है। खाने के साथ ही घर, हेल्थकेयर और अच्छी शिक्षा भी आम आदमी की पहुंच से बाहर होती जा रही है। उधर, आईएमएफ की तरफ से सब्सिडी खत्म करने का दबाव और बढ़ता जा रहा है। इसके बावजूद पाकिस्तान ने रक्षा बजट में 15 फीसदी का इजाफा किया है। पाकिस्तानी सेना को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 2,122 अरब रुपये दिए गए हैं।

### देश की जीडीपी 3 फीसदी के आसपास रहने का अनुमान

पाकिस्तान के वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब के अनुसार, देश की जीडीपी 3.6 फीसदी की रफ्तार से आगे बढ़ेगी। यह पिछले वित्त वर्ष के आंकड़े 3.5 फीसदी से ज्यादा है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान की आर्थिक विकास दर 2.38 फीसदी का आंकड़ा ही छू पाएगी। पाकिस्तान का कुल बजट 18,877 अरब रुपये का है। इसमें डिफेंस सेक्टर का हिस्सा दूसरे नंबर पर आता है।

### कहां जा रहा है पाकिस्तान का सारा पैसा?

पाकिस्तान अपने दोस्त चीन के फैलाए कर्ज के जाल में बुरी तरह फंस चुका है। पाकिस्तान के बजट का सबसे बड़ा खर्च कर्ज की भरपाई में जा रहा है। पाकिस्तान को लगभग 9700 अरब रुपये लोन रीपेमेंट पर खर्च करने पड़ेंगे। वित्त मंत्री के अनुसार, देश में महंगाई का आंकड़ा 12 आसपास रहेगा। देश का टैक्स कलेक्शन 12,970 अरब रुपये रहने का अनुमान है।

# बांग्लादेश में पीएम कार्यालय, सेंट्रल बैंक और पुलिस की वेबसाइट हैक

## तीनों साइटों पर एक जैसा संदेश लिखा- 'स्टॉप किलिंग स्टूडेंट्स'




**ढाका।** बांग्लादेश में नौकरी में आरक्षण को लेकर फैली अशांति के बीच प्रधानमंत्री कार्यालय, सेंट्रल बैंक और पुलिस की आधिकारिक वेबसाइटें हैंक हो गई हैं। 'द R3SISTANC3' नामक एक समूह द्वारा साइट हैक करने का दावा किया जा रहा है। तीनों साइटों पर एक जैसा संदेश दिखा, जिसमें लिखा था, ऑपरेशन हंटडाउन, स्टॉप किलिंग स्टूडेंट्स।

संदेश में आगे लिखा गया, हमारे बहादुर छात्रों के शांतिपूर्ण विरोध को सरकार और उसके राजनीतिक साथियों द्वारा क्रूर हिंसा और हत्या का सामना करना पड़ा है। यह अब केवल विरोध नहीं है बल्कि यह न्याय, स्वतंत्रता और हमारे भविष्य के लिए एक युद्ध है।

**आरक्षण में बदलाव की मांग के बाद हिंसक प्रदर्शन :** बांग्लादेश में आरक्षण में बदलाव की मांग कर रहे छात्रों की तरफ से बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा है। लेकिन ये विरोध-प्रदर्शन तब और हिंसक हो गया है। वहीं इस हिंसा में 100 से ज्यादा लोगों की मौत और करीब तीन हजार से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। हिंसा की वजह से शिक्षण संस्थान, रेलवे, इंटरनेट सेवाएं रोक दी गई है। प्रधानमंत्री शेख हसीना की तरफ से छात्रों के इस विरोध-प्रदर्शन और हिंसा पर लगाम लगाने के लिए सेना को भी तैनात किया गया है। इतना ही नहीं किसी भी प्रदर्शनकारी को देखते ही गोली मारने के आदेश भी जारी किए गए हैं।

**पहले कब हुआ विरोध, तब क्या हुआ था फैसला? :** यह पहली बार नहीं है, जब बांग्लादेश में आरक्षण को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा है, इससे पहले साल 2018 में भी आरक्षण को लेकर विरोध प्रदर्शन के साथ हिंसा हुई थी। जिसके बाद सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए उच्च श्रेणी की नौकरियों में आरक्षण को रद्द कर दिया। जिसके बाद स्थिति सामान्य हुई।



### कनाडा में उपद्रवियों का दुस्साहस

# एक बार फिर मंदिर को बनाया निशाना, भारत-विरोधी नारे लिखे

**खालिस्तानी चरमपंथियों को कनाडा में मिली खुली छूट**

**टोरंटो।** कनाडा में एक बार फिर हिंदू मंदिर को निशाना बनाया गया है। एडमोंटन में एक मंदिर पर भारत विरोधी नारे लिखे हैं। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने बताया कि बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर पर सुबह-सुबह भारत विरोधी नारे लिखे गए। इसमें भारतीय मूल के कनाडाई सांसद चंद्र आर्य पर हमला किया गया।

### लोगों में नाराजगी

हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इसकी एक तस्वीर साझा की है। पोस्ट में लिखा, 'कनाडाई हिंदू चैंबर कॉमर्स ने इस बात की पुष्टि की है कि कनाडा के एडमंटन में बीएपीएस मंदिर को ताजा निशाना बनाया गया है। कनाडा के हाउस ऑफ कॉमन्स के कुछ हिंदू सांसदों में से एक आर्य को धमकी दी गई है। इससे सभी लोगों में नाराजगी है।'

**एडमंटन में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में फिर से तोड़फोड़ :** सांसद चंद्र आर्य ने कहा कि कनाडा में हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने आगे लिखा, 'एडमंटन में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में फिर से तोड़फोड़ की गई। पिछले कुछ सालों के दौरान ग्रेटर टोरंटो एरिया, ब्रिटिश कोलंबिया और कनाडा के अन्य स्थानों पर हिंदू मंदिरों में भारत विरोधी नारे के साथ तोड़फोड़ की जा रही है।'

बहुसांस्कृतिक मुद्दों पर अपनी वकालत के लिए जाने जाने वाले लिबरल सांसद आर्य ने कनाडा में खालिस्तानी चरमपंथियों को मिली छूट की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, 'जैसा कि मैं हमेशा से कहता रहा हूं, खालिस्तानी चरमपंथी नफरत और हिंसा की अपनी सार्वजनिक बयानबाजी से आसानी से बच निकलते हैं। मैं इसे फिर से दोहराना चाहता हूं। हिंदू कनाडाई सच में परेशान हैं। मैं फिर से कनाडा की कानून प्रवर्तन एजेंसियों से इस मुद्दे को गंभीरता से लेने का आह्वान करता हूं।

# कमला हैरिस का पहला संबोधन, कहा- बाइडन की उपलब्धियां बेजोड़




**वाशिंगटन।** अमेरिका के आम चुनाव में सियासी दलों के बीच लड़ाई दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गई है। डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जो बाइडन ने खुद को व्हाइट हाउस की दौड़ से बाहर रखने का एलान किया और राष्ट्रपति की उम्मीदवारी के लिए कमला हैरिस का समर्थन किया। इस बीच हैरिस ने बाइडन की जमकर तारीफ और उनके कार्यकाल की उपलब्धियों को आधुनिक इतिहास में बेजोड़ बताया।

बाइडन ने रविवार को घोषणा की कि वह दोबारा राष्ट्रपति पद पर चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने नवंबर में होने वाले चुनावों के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में कमला हैरिस का समर्थन किया। इसके बाद ज्यादातर पार्टी के नेताओं और गवर्नरों ने भी हैरिस को अपने उम्मीदवार के समर्थन दिया।

राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की मंशा जाहिर करने के बाद हैरिस का यह पहला सार्वजनिक कार्यक्रम था। अफ्रीकी और भारतीय मूल की नेता हैरिस ने अपनी पहली प्रतिक्रिया में कहा कि पिछले तीन वर्षों में बाइडन की उपलब्धियां आधुनिक इतिहास में बेजोड़ हैं। नेशनल कॉलेजिएट एथलेटिक एसोसिएशन चैंपियनशिप का जश्न मनाने के लिए व्हाइट हाउस के साउथ लोन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसे संबोधित करते हैरिस ने कहा, बाइडन ने एक कार्यकाल में ही में उन अधिकांश राष्ट्रपतियों की विरासत को पछाड़ दिया है, जिन्होंने राष्ट्रपति कार्यालय में दो कार्यकाल पूरे किए हैं। उन्होंने कहा, मेरी राष्ट्रपति बाइडन से पहली बार जान-पहचान उनके बेटे ब्यू बाइडन के जरिए हुई।

## कमला हैरिस के लिए प्रचार करेंगे बाइडन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने के अपने फैसले को 'सही कदम' बताया और कहा है कि वह नवंबर में होने वाले आम चुनावों के लिए अपनी डिप्टी कमला हैरिस के लिए प्रचार करेंगे। कमला हैरिस को जो बाइडन ने राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के नए उम्मीदवार के तौर पर अपना समर्थन दिया है। सोमवार को अपनी पूर्व प्रचार अभियान टीम से फोन पर बात की।

**बाइडन बोले- उम्मीदवार बदला, लेकिन मिशन नहीं बदला है :** इस बातचीत में बाइडन ने प्रचार टीम से कमला हैरिस को बतौर राष्ट्रपति उम्मीदवार अपनाने की अपील की। बाइडन के नाम वापस लेने के बाद अब बाइडन प्रचार टीम, हैरिस प्रचार टीम हो गई है। बाइडन ने कहा कि प्रचार अभियान टीम का नाम भले ही बदल गया है, लेकिन मिशन वही है डोनाल्ड ट्रंप को हराना। पिछले महीने राष्ट्रपति पद की पहली बहस में डोनाल्ड ट्रंप, जो बाइडन पर भारी पड़े थे। उसके बाद से ही बाइडन की उम्मीदवारी पर संकट के बादल मंडराने शुरू हो गए थे। बीते दिनों डोनाल्ड ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले के बाद अमेरिका में ट्रंप के प्रति जो सहानुभूति की लहर उठी, उससे भी बाइडन की मुश्किलें बढ़ीं। इसके बाद बाइडन कोविड से संक्रमित हो गए, जिसने रही-सही कसर भी पूरी कर दी और आखिरकार बाइडन ने राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी से हटने का एलान कर दिया। कोरोना संक्रमित होने की वजह से बाइडन फिलहाल आइसोलेशन में हैं।

बाइडन ने प्रचार अभियान टीम से कहा कि 'मैं कहीं नहीं जा रहा हूँ। मैं कमला के साथ अभियान में शामिल होऊंगा। मैं बतौर राष्ट्रपति, कानून पारित करवाने के साथ-साथ अभियान चलाने के लिए भी पूरी मेहनत करने जा रहा हूं।' राष्ट्रपति ने कहा, 'हमें अभी भी लोकतंत्र को बचाने की जरूरत है। ट्रम्प अभी भी समुदाय के लिए खतरा हैं। वे राष्ट्र के लिए खतरा हैं।' बाइडन ने अपने सभी सहयोगियों, समर्थकों और देशवासियों से कमला हैरिस का समर्थन करने की अपील की। हैरिस के अभियान के प्रवक्ता केविन मुनोज ने दावा किया है कि कमला हैरिस के पीछे जनसमर्थन बढ़ गया है और अभियान ने अपने पहले 24 घंटों में आठ करोड़ अमरीकी डालर जुटाए हैं।

# फिर चीन की शरण में पहुंचा मालदीव, संकट से जूझ रहे देश ने आर्थिक सुधार के लिए मांगी वित्तीय सहायता



**मालदीव।** ऋण संकट से जूझ रहे मालदीव ने आर्थिक सुधारों के लिए चीन से मदद मांगी है। मालदीव के विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि विदेश मंत्री मूसा जमीर ने वांग से मुलाकात की और उन्हें मालदीव की आर्थिक और राजकोषीय स्थिति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मालदीव के राष्ट्रपति मुहम्मद मुइज्जु की तरफ से घोषित राजकोषीय सुधारों को लगन से लागू करने के महत्व पर बल दिया।


**दोनों विदेश मंत्रियों ने व्यापक द्विपक्षीय चर्चा की :** वहीं इस प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने व्यापक द्विपक्षीय चर्चा की। इस दौरान मूसा जमीर ने सुधार कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में चीन के समर्थन का भी अनुरोध किया, जो मालदीव की अर्थव्यवस्था में उपभोक्ता और निवेशक विश्वास को बढ़ावा देगा, जिससे राष्ट्र की आर्थिक लचीलापन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

**चीनी विदेश मंत्री ने दोहराई प्रतिबद्धता :** वहीं चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक और मैत्रीपूर्ण संबंधों को और मजबूत करने के लिए चीन की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इस दौरान मालदीव के विदेश मंत्री ने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के माध्यम से पर्याप्त समर्थन के लिए चीन को धन्यवाद दिया, जिसने मालदीव के सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विज्ञप्ति में कहा गया कि इस बैठक का समापन दोनों पक्षों की तरफ से सहयोग के नए रास्ते तलाशने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए हुआ।

**मुइज्जू ने चीन के साथ किए थे कई समझौते :** पिछले साल मालदीव की सत्ता संभालने वाले मोहम्मद मुइज्जू, जिन्हें व्यापक रूप से चीन समर्थक नेता माना जाता है, के सत्ता में आने के बाद से चीन ने मालदीव के साथ अपने संबंधों को बढ़ाया है। वहीं मुइज्जू ने अपनी बीजिंग यात्रा के दौरान, दोनों देशों ने अपने संबंधों को व्यापक रणनीतिक सहकारी साझेदारी तक बढ़ाया और 20 समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे।

**आईएमएफ ने मालदीव को दी थी चेतावनी :** बता दें कि मालदीव को मई में, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चेतावनी दी थी कि अगर देश ने महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव नहीं किए गए तो उस पर ऋण संकट का भारी खतरा है। इसके बाद, मुइज्जू सरकार ने चीन से ऋणों के पुनर्गठन की मांग की।

# अध्ययन: सूर्य के सबसे करीबी ग्रह में मिली हीरे की मौजूदगी



**बीजिंग।** सूर्य के सबसे करीबी बुध ग्रह में बड़ी मात्रा में हीरे की मौजूदगी का पता चला है। वैज्ञानिकों का दावा है कि इस ग्रह की सतह के नीचे हीरे की एक मोटी परत हो सकती है। बीजिंग में सेंटर फॉर हाई प्रेशर साइंस एंड टेक्नोलॉजी रिसर्च के वैज्ञानिक और अध्ययन के सह-लेखक यानहाओ लिन ने कहा कि बुध की अत्यधिक उच्च कार्बन सामग्री ये बताती है कि शायद इस ग्रह के अंदर कुछ खास हुआ है।

उन्होंने बताया कि बुध ग्रह में एक चुंबकीय क्षेत्र है। हालांकि, यह पृथ्वी की तुलना में बेहद कमजोर है। इसके साथ ही नासा के मैसेंजर अंतरिक्ष यान ने अपने अध्ययन में बुध की सतह पर असामान्य रूप से काले क्षेत्रों की खोज की है। इसे ग्रेफाइट के रूप में पहचाना गया है। नेचर कम्युनिकेशंस पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार ग्रह की संरचना और असामान्य चुंबकीय क्षेत्र पर प्रकाश डालते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि ग्रहों का निर्माण संभवतः एक गर्म लावा महासागर के ठंडा होने से हुआ है। इसी तरह अन्य स्थलीय ग्रहों का विकास हुआ। इसके अलावा यह ग्रह संभवतः सिलिकेट और कार्बन से भरा हुआ था। ग्रह की बाहरी परत और मध्य मेंटल का निर्माण मैग्मा के क्रिस्टल में बदलने से हुआ था, जबकि धातुओं ने पहले इसके भीतर जमकर एक केंद्रीय कोर का निर्माण किया।

# दक्षिण गाजा के खान यूनिस में इस्राइली सेना का हमला

## 70 लोगों की मौत, 200 से अधिक घायल



**इस्राइल हमास के बीच एक साल से जारी है संघर्ष**

**यरुशलम।** इस्राइल हमाज के बीच पिछले एक साल से संघर्ष जारी है। इस बीच गाजा पट्टी के खान यूनिस में इस्राइल ने हमला किया, जिसमें 70 लोगों की मौत हो गई।

इस हमले में 200 से भी ज्यादा लोगों की मौत हो गई। हमास नियंत्रित गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। सेना ने चेतावनी दी कि वे इस इलाके में जबरन कार्रवाई करेंगे। सेना की तरफ से दी गई चेतावनी में दक्षिण गाजा में अल मवासी मानवीय क्षेत्र के पूर्वी खान यूनिस को प्रभावित किया, जिसके कारण हजारों फलस्तीनियों को इस क्षेत्र से भागना पड़ा था।

### गाजा के खान यूनिस क्षेत्र में हमला

इस साल की शुरूआत में ही खान यूनिस में कई बार हमले किए गए। ताजा घटना स्वास्थ्य मंत्रालय के उस बयान के नौ दिन बाद की है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अल-मवासी में किए गए हमले में 92 लोगों की मौत हो गई। इस्राइल ने कहा कि वह हमास के कमांडर को निशाना बना रहे थे। इस्राइल ने हमास को पूरी तरह से नष्ट करने की कसम खाई थी। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई को लेकर लगातार दबाव बनाया जा रहा है।

नेतन्याहू अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात करेंगे। बाइडन लगातार इस्राइली राष्ट्रपति से युद्ध विराम को लेकर बात कर रहे हैं। पिछले साल सात अक्तूबर को हमास के आतंकियों ने इस्राइल पर हमला किया था। इस हमले के नौ महीने बाद भी इस्राइल-हमास के बीच संघर्ष जारी है। इस साल जून में नेतन्याहू ने कहा था कि युद्ध अपने तीव्र चरण पर है और खत्म होने वाला है।

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा, ₹आज सुबह से लेकर अबतक खान यूनिस इलाके में हमले हो रहे हैं। इस हमले में 70 लोग मारे गए, जबकि 200 से अधिक घायल हो गए।₹ इस्राइली सेना ने मृतकों की संख्या पर कोई टिप्पणी नहीं की। हालांकि, एक बयान में सेना ने बताया कि उनके फाइटर जेट और टैंक ने इस क्षेत्र में आतंकियों ठिकानों पर हमला कर उनका सफाया किया।

बयान में बताया गया कि सेना ने खान यूनिस के 30 से अधिक आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इस्राइली सेना ने हमास आतंकियों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली हथियार भंडारण सुविधा, सुरंग शाफ्ट और संरचनाओं को भी निशाना बनाया।

बता दें कि पिछले साल सात अक्तूबर को हमास के आतंकियों ने दक्षिणी इस्राइल पर हमला किया था, जिसमें 1,197 लोगों की मौत हो गई थी। मरने वालों में ज्यादातर इस्राइली नागरिक ही थे। आतंकियों ने 251 लोगों को बंधक बनाकर गाजा ले आए थे। इस्राइली सेना का कहना है कि 116 बंधक अभी भी गाजा में हैं, जबकि 44 की मौत हो चुकी है। इस हमले का जवाबी कार्रवाई करते हुए इस्राइली सेना ने गाजा पर हमले करते हुए क्षेत्र की बुनियादी ढांचों को नष्ट कर दिया। इस हमले में गाजा के 39,000 लोग मारे गए।

# अशांत खैबर पख्तूनख्वा में आतंकियों ने लड़कियों के स्कूल को बम से उड़ाया



**स्कूल में कुल 255 छात्राओं ने लिया था दाखिला**

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कबायली इलाके में अज्ञात आतंकवादियों ने सोमवार को लड़कियों के एक सरकारी स्कूल को बम धमाके से उड़ा दिया। हालांकि, इस विस्फोट में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

### उत्तरी वजीरिस्तान के स्कूल को बनाया निशाना।

खैबर पख्तूनख्वा के शिक्षा मंत्री फैसल खान तारकई ने बताया कि आतंकवादियों ने अफगानिस्तान की सीमा से सटे उत्तरी वजीरिस्तान जिले में रविवार की दरम्यानी रात राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय को विस्फोट से उड़ा दिया। तेज धमाके से स्कूल के सात कमरे जमींदोज हो गए। स्कूल में कुल 255 छात्राओं ने दाखिला किया हुआ था।

तारकई ने बताया कि स्कूल को जल्द ही दोबारा चालू किया जाएगा। उन्होंने कहा, इस तरह के कायरतापूर्ण कृत्य कबायली क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने वाले हमारे कदमों को नहीं रोक सकते। शिक्षा खैबर पख्तूनख्वा सरकार की प्राथमिकता है।

**लड़कियों के लिए शिक्षा का विरोध करता है तालिबान :** तालिबान और उसके सहयोगी लड़कियों के लिए शिक्षा का विरोध करते हैं और उसे गैर-इस्लामी बताते हैं। इससे पहले, इसी तरह की घटना मई में महीने में हुई। जब अज्ञात आतंकवादियों ने उत्तरी वजीरिस्तान के शेवा तहसील में एक लड़कियों के एक निजी स्कूल को विस्फोट से उड़ा दिया था।




# बीएसएनएल में पोर्ट कराने के लिए ग्राहकों का उमड़ रहा हुजूम : महाप्रबंधक दूरसंचार सुभाष चंद्र

## 'उपभोक्ता हितों का ध्यान रखना बीएसएनएल की प्राथमिकता'

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बीएसएनएल के उपभोक्ताओं को रिझाने के लिए निजी टेलीकॉम कंपनियों द्वारा लंबे समय से दिए जा रहे आकर्षक टैरिफ प्लान के बाद अब मोबाइल दरों में की गई भारी वृद्धि से सरकारी कंपनी बीएसएनएल के कार्यालयों में ग्राहकों की लंबी-लंबी कतारें इस बात को प्रमाणित करती नजर आ रही है कि अब बीएसएनएल दोबारा अपनी पुरानी फोरम में लौट रहा है। इस विषय में एक वार्ता के दौरान बीएसएनएल बिजनेस एरिया गाजियाबाद के महाप्रबंधक सुभाष चंद्र ने बताया कि बीएसएनएल का सिम लेने वाले और पोर्ट कराने वाले उपभोक्ताओं की संख्या में पिछले दिनों की अपेक्षा 20 गुना वृद्धि हुई है। अकेले यूपी वेस्ट टेलीकॉम सर्किल में बीएसएनएल सिमों की बिक्री का आंकड़ा प्रतिदिन 10 हजार से भी ऊपर पहुंच गया है। जिसमें प्रतिदिन लगभग 2000 ग्राहक निजी मोबाइल ऑपरेटर से बीएसएनएल में पोर्ट हो रहे हैं।



### ग्राहकों की बढ़ती संख्या से बीएसएनएल गदगद, बनेगी नंबर -1 कंपनी

**करंट क्राइम।** बीएसएनएल सिम की बढ़ती मांग को देखते हुए सिम बेचने के लिए अधिकृत रिटेलर और डीएसए बनने के लिए भी होड़ मची हुई है। रिटेलर बनने से जहां लोगों को रोजगार मुहैया होगा वहीं बीएसएनएल ग्राहकों को गली मोहल्लों में सिम लेने की सुविधा मिल सकेगी। सिम लेने और पोर्ट कराने के लिए उमड़ती ग्राहकों की बड़ी तादाद को देखते हुए महाप्रबंधक ने उम्मीद जताई कि जिस तरह मोबाइल उपभोक्ताओं में बीएसएनएल के प्रति रुचि नजर आ रही है। वह दिन दूर नहीं कि जब बीएसएनएल कंपनी फिर से शीर्ष पर पहुंचेगी और नंबर -1 होने का दर्जा हासिल करेगी।

### ग्राहकों को बेहतर और किफायती सेवा देने के लिए बीएसएनएल कृत संकल्प

**करंट क्राइम।** महाप्रबंधक सुभाष चंद्र ने इस मुहिम में शामिल अपने मातहत अधिकारियों अधिकारियों और कर्मचारियों की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि बीएसएनएल के अधिकारी और कर्मचारी भी बड़ी मुस्तैदी से दिन रात काम को अंजाम देने में लगे हुए हैं और इस मौके को कतई हाथ से नहीं गंवाना चाहते। महाप्रबंधक सुभाष चंद्र ने बताया कि बीएसएनएल अपने ग्राहकों को किफायती और बेहतर सेवा देने के लिए पूरी तरह कृत संकल्प है और उपभोक्ता हितों का ध्यान रखना ही बीएसएनएल की प्राथमिकता है।

### जल्दी ही बीएसएनएल उपभोक्ता 5जी तकनीक का भी उठाएंगे लुफ्त

**करंट क्राइम।** महाप्रबंधक ने बताया कि बीएसएनएल अपने नेटवर्क को स्वदेशी 4जी पर तेजी से अपग्रेड कर रहा है। अगर यूपी वेस्ट टेलीकॉम सर्किल की बात करें तो अब तक 1225 नई 4जी साइट्स स्थापित की जा चुकी हैं और अगले कुछ माह में 2176 साइट्स 4जी में तब्दील कर दी जाएंगी। जहां तक गाजियाबाद ऑपरेशनल एरिया की बात है 112 मोबाइल टॉवर्स में से तकरीबन 50 से अधिक को 4जी में तब्दील किया जा चुका है और संभवतया 15 अगस्त तक सभी मोबाइल टावर्स को 4जी तकनीक में तब्दील कर दिया जाएगा। जिससे डाटा स्पीड में तो बढ़ोतरी होगी ही साथ ही साथ स्पीच क्वालिटी भी बेहतर होगी। महाप्रबंधक ने यह भी बताया कि वह दिन दूर नहीं कि दिसंबर 2024 के बाद बीएसएनएल टावर्स के 5जी तकनीक में तब्दील होने के बाद उपभोक्ता डाटा भेजने में तीव्र गति का लाभ ले सकेंगे। वार्ता के दौरान बीएसएनएल के लोकप्रिय टैरिफ प्लान के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि 249 रुपए में 45 दिन की वैधता के साथ असीमित कॉल्स और दिन में 2जीबी डाटा की सुविधा प्रदान कर रहा है। उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु पोर्ट करने की प्रक्रिया को समझाते हुए बताया कि बीएसएनएल में पोर्ट करने के लिए 'एसएमएस पोर्ट स्पेस मोबाइल नंबर' लिखकर 1900 पर भेजें और आपके मोबाइल पर आए हुए यूपीसी कोड के साथ अपने नजदीकी बीएसएनएल कस्टमर सर्विस सेंटर अथवा रिटेलर के पास पहुंचकर पोर्ट कराने की प्रक्रिया पूरी करें।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदियापार की जिस सड़क को लेकर हो गया था सदन में मामला कड़क, बंद कर दिए गए थे एक पार्षद के बोल? सुना है इस सड़क पर हुए निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया है शासन वालों ने मौके पर आकर दिखाया है बड़ा रोल? ध्वस्तीकरण कराने को लेकर देर रात रहे थे शासन के बड़े अधिकारी और उसके साथ मौजूद पहले से छोटी हो गई है सड़क? देखना चाहते हो तो देख लो, मौके पर जाकर सबूत।
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** उपचुनाव में बिगड़ने वाला है इस बार समीकरण का मिजाज? कहने वाले ने कहा लिख कर रख लो सबसे कम मतदान होगा लाइन पार? यहां अगर विपक्ष को मिल जाए ज्यादा वोट तो मत होना हैरान? टिकट अगर इधर से नही हुआ तो फिर इसी प्लान पर होगा काम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कांत वाला वार्ड ही क्यों चल रहा है इतना अशांत? सुना है मेंबर ने अपने हाथ में ले लिया है कानून व्यवस्था वाला भी काम? अगर मोहल्ले में चलेगा टेंपो तो यूनियन में रहेगा पार्षद का दखल? मंगलवार को रहा इसी बात का दंगल और शिकायत वाली रही चहल पहल? कहने वाले ने कहा साहसी कदम उठाया और कोई ना कोई तो करता ही पहल?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हाथ वालों की नही दिखाई दे रही शहर की सियासत में कोई दमदार विरासत? चुनाव के दावेदार ही नही दिख रहे हाथ वालों के दफ्तर पर? कहने वाले ने क्यों कह दी बात अलबेली? भाई साहब हमारे यहां चुनाव कोई सा भी हो चुनाव लड़ेगी तो डॉली? आप खुद देख लो चुनाव लड़ने की इच्छा को लेकर सुनाई दी हो आपको शहर में किसी कांग्रेस नेता की बोली?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** निगम कार्यकारिणी में पार्षद नही होने चाहिए किसी के चेले? कहने वाले ने कहा यहां होने चाहिए ऐसे फेस? जिनका निगम से लेकर सोसाइटी तक हो एक मजबूत बेस? जिन्हे पता हो कि खास मौकों पर सरकारी मशीनरी से कैसे आना है पेश?अगर होते गेम में मजबूर मोहरे? तो दौड़ाने नही पड़ते सुबह से लेकर शाम तक व्यवस्था बनाने के घोड़े? कमजोर कड़ियों से नही चलेगा काम? आज नही तो कल लेना ही होगा मजबूत चेहरों को साथ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार की निगम सियासत पर छाया है पूरी तरह से विधान सभा का साया? लोकसभा के आ गए हैं इफेक्ट ये भी बताने वाले ने बताया? क्यों कहा कहने वाले ने सीन में आधा निगम है उधर और आधा निगम है इधर? बहुमत पर न जाओ और ये मान लो कि बहुत कठिन है आगे की डगर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार वाले भी चाहते हैं उन पर भी हो कृपा की नजर? मंडल के एक महामंत्री दे कर आए हैं नामित पार्षद की अर्जी के साथ अपना बायोडाटा? सुना है लग गई है और भी नामित इच्छा वालो को इस बात की खबर? अब रावत जी के सामने आने वाले हैं कई सागर जैसे नाम? वो भी चाहते हैं हमे भी मिले फूल की वफादारी का इनाम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** ध्वज प्रणाम वालों के यहां क्या शुरू हो गई है शहर की सीट पर चेहरे को लेकर चर्चा? सुना है वो बातों ही बातों में रखने लगे हैं तीन नाम? कौन किस गुट से है इसको लेकर नही है उन्हे कोई ज्यादा सरोकार? वो नही बनना चाहते हैं उस वाले छोर से आने वाले नाम के पैरोकार? वो ले रहे हैं बातों ही बातों में इस बात की टोह? क्या अभी भी खत्म नहीं हुआ है उनका गाजियाबाद से मोह?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पहली बार नही हो रही है वार्ड में ये चर्चाएं इतनी सारी? जब भी फूल वालों के यहां किसी महिला को मिली है पार्षद वाली जिम्मेदारी तब तब उठा है एक्टिविटी का ये तूफान? कहने वाले ने कहा लाइन पार वाली मैडम पार्षद से लेकर नदिया पार वाली मैडम पार्षद के वीडियो तक हुए थे वायरल? शहर वाले एक वार्ड में भी रोज सुनाई देता था शोर? इस बार अभी सुनाई दे रहा है केवल एक महिला पार्षद के वार्ड का ही शोर? अभी तो ये पहला साल है और अभी तो बाकी बचे हैं फोर ईयर्स? तब तक चर्चा का रोज ही होना है चीयर्स?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा गढ़ में शांत हो गई फ्लावर वालों के सीने में जल रही फायर? अब वो ना लैटर का कर रहे हैं कोई जिक्र? ना उठा रहें हैं लॉ एंड ऑर्डर का कोई मैटर? उधर वाले माननीय से लेकर इधर वाले माननीय अब खामोश रहना ही समझ रहें हैं सबसे बैटर? कहने वाले ने कहा कि जब इतनी बड़ी मुलाकात का भी नहीं निकला कोई नतीजा? अब कुछ कहने से होना है सिर्फ अपनी ही प्रतिष्ठा का फजीता?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## मोदी सरकार का 3.0 का पहला बजट है कुछ खास : बालकिशन गुप्ता



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बालकिशन गुप्ता जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापार मंडल सदस्य रेलवे बोर्ड ने मोदी सरकार के इस नए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार का यह बजट खास है। इस बजट से सभी वर्गों के लोगों को लाभ पहुंचेगा। इस बजट में स्टैंडर्ड डिडक्शन में छूट दी गई है। धारा 80सी की लिमिट बढ़ाई गई है। टैक्स स्लैब में बदलाव किया गया है। एनपीएस की लिमिट भी बढ़ाई गई है और इलाज की लिमिट को भी बढ़ाया गया है। इस दृष्टि से यह बजट बहुत ही खास होगा।

### बजट में रखा गया सभी वर्गों का ध्यान : इंद्रजीत सिंह टीटू



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार 0.3 के पहले बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए सभी क्षेत्रों को छूने का काम किया जिसमें इनकम टैक्स/ व्यापारी/ किसान और जरूरतमंद प्रदेशों को एक बड़ी सहायता राशि देकर राहत देने का काम किया। स्वागत योग्य बजट।

### गरीब, महिला, किसान, युवा, शिक्षा, विकास एवं रोजगार को समर्पित बजट : अजय शर्मा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बजट का सबसे महत्वपूर्ण बिंदु युवाओं को एजुकेशन लोन में 3 परसेंट की सब्सिडी। 500 देशों की सबसे बड़ी कंपनी को युवाओं को इंटर्नशिप के लिए प्रोविजन किया है। 5000/- हर महीने देने का प्रावधान किया है। ट्रेनिंग का खर्चा भी कंपनियां ही उठायेंगी। यह बजट 140 करोड़ लोगों को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट है। इस बजट में सभी क्षेत्रों एवं वर्गों का ध्यान रखा गया है। इसे एक बेहतरीन और जनता के सुखदायी बजट कहा जा सकता है।

### बजट में रोजगार और स्किल पर फोकस : रविंद्र चौहान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को बजट पेश किया। इस बार वित्त मंत्री ने अच्छा बजट पेश किया है। बजट में रोजगार और स्किल पर फोकस किया गया है। 1000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को किया जाएगा अपग्रेड। 30 लाख युवाओं को रोजगार का मौका। कामकाजी महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई जाएगी। 1000 आईटीआई को अपग्रेड करेंगे।

### चहेते उद्योगपतियों को लाभ पहुंचने वाला बजट : वीरेंद्र यादव एडवोकेट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यह बजट केवल सरकार के चहेते उद्योगपतियों को लाभ पहुंचने वाला है। इसमें महंगाई और बेरोजगारी की ज्वलंत समस्याओं से निपटने का कोई खाका सरकार की ओर से पेश नहीं किया गया। वीरेंद्र यादव ने कहा मध्यम वर्ग, किसानों और बेरोजगारों के लिए कुछ नहीं किया गया। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देना पड़ रहा है तो करोड़ों लोग गरीबी रेखा से ऊपर कैसे आए? सरकार का यह गणित समझ से परे है। आंकड़ों की बाजीगरी करके यह सरकार अपनी पीठ तो थपथपा सकती है। लेकिन आमजन के चेहरे पर मुस्कान नहीं ला सकती है। बजट जमीनी वास्तविकता से दूर है।

## सांसद अतुल गर्ग और विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने किया बेहटा नहर और दिल्ली सहारनपुर रोड का निरीक्षण, कहा- जल्द निस्तारित होंगी दोनों समस्याएं

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग और विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने मंगलवार को लोनी की प्रमुख समस्याओं में शामिल बेहटा नहर और दिल्ली सहारनपुर मार्ग का निरिक्षण किया। इस दौरान सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता समेत संबंधित विभाग के अधिकारी, लोनी नगरपालिका के सभासद गण समेत सैकड़ों की संख्या में स्थानीय मौजूद रहे।

**सांसद और विधायक ने दिया आश्वासन बेहटा नहर रोड का जल्द होगा कायाकल्प**





### 6 महीने में बदलेंगे बेहटा नहर के दिन, दुरुस्त करेंगे लोनी की लाइफलाइन

**करंट क्राइम।** मंगलवार को हो रही झमाझम बारिश के दौरान भी बेहटा नहर और दिल्ली सहारनपुर मार्ग पर सांसद और विधायक को देख स्थानीय लोगों ने भी सांसद और विधायक के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पहली बार है जब किसी सांसद ने स्वयं आकर लोगों की समस्याओं को देखा है। विधायक लगातार बेहटा नहर के मुद्दे को विधानसभा से लगातार विभागीय पत्राचार के माध्यम से उठाते रहे हैं। वहीं लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बताया कि बेहटा नहर को लेकर हम दो स्तर पर कार्य कर रहे हैं जिसमें एक में पीडब्ल्यूडी द्वारा आरसीसी सड़क निर्माण किया जाएगा। दूसरे स्तर में सिंचाई विभाग द्वारा नहर के पक्कीकरण और सौंदर्यीकरण हेतु डीपीआर तैयार कराई गई है जो जल्द स्वीकृत होने जा रही है। लोनी में बिजली, सड़क, चिकित्सा, पेयजल आपूर्ति, सीवर आदि सभी क्षेत्रों में विकास कार्य चल रहे हैं लोनी की कुछ शेष समस्या है जिसे माननीय सांसद जी के सहयोग से जल्द हल करा लिया जाएगा।

### लोनी के सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा : अतुल गर्ग

**करंट क्राइम।** सांसद अतुल गर्ग ने कहा चुनाव के दौरान लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर जी ने इस विषय में मुझे अवगत कराया था जिसकी वस्तुस्थिति जानने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया है। माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री के सचिव एवं पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव से इस विषय पर मेरी सकरात्मक बात हुई है। 6 महीने में बेहटा नहर का कार्य शुरू हो जाएगा। दिल्ली सहारनपुर मार्ग का पुनर्निर्माण एवं चौड़ीकरण हो इस दिशा में जल्द माननीय केंद्रीय मंत्री जी के साथ मैं और विधायक जी बैठक करेंगे। लोनी के सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

## नगर आयुक्त ने 'संभव जनसुनवाई' में 10 शिकायतों पर तत्काल की कार्रवाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने संभव जनसुनवाई में जन समस्याओं को सुना जिसमें लगभग 10 संदर्भ प्राप्त हुए। समस्त विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे जिनको तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए। अधिकांश संदर्भ जलकल विभाग से प्राप्त हुए, जिस पर नगर आयुक्त द्वारा महाप्रबंधक जल को स्थलीय निरीक्षण कार्यवाही के निर्देश दिए गए। जलकल विभाग के चार संदर्भ टैक्स विभाग के दो संदर्भ निर्माण विभाग के तीन संदर्भ तथा जन्म-मृत्यु संबंधित एक संदर्भ प्राप्त हुआ। अधिकारियों द्वारा कार्यवाही कराई गई। मौके पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनिंद्र कुमार एवं समस्त विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

संभव के दौरान कई जनप्रतिनिधियों ने भी नगर आयुक्त से शहर के विकास कार्यों पर चर्चा की जिसमें मुख्य रूप से आंतरिक वार्डों में भी निगम की भूमि पर पौधरोपण को लेकर चर्चा की गई। गाजियाबाद नगर निगम की रिक्त कराई गई भूमि की बाउंड्री करते हुए उनमें वृहद प्लांटेशन करने की मांग की गई, जिस पर नगर आयुक्त ने उद्यान प्रभारी डॉक्टर अनुज को नियम अनुसार कार्यवाही के आदेश दिए।

**शहर हित में तीव्रता से शिकायतों के निस्तारण पर कार्य कर रहा है विभाग : नगर आयुक्त**



### अधिकांश समस्याएं विजयनगर जोन से हुई प्राप्त

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त ने बताया गया कि संभव में प्राप्त समस्याओं पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही कराई जाती है। इसके अलावा भी प्रतिदिन प्राप्त होने वाली समस्याओं पर भी तीव्रता से कार्यवाही शहर हित में कराई जा रही है। शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है। घंटे की तर्ज पर समस्याओं के समाधान करने का प्रयास विभाग द्वारा किया जाता है जिसमें मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग उद्यान विभाग प्रकाश विभाग जलकल विभाग तथा निर्माण विभाग शिकायतों के आधार पर तुरंत एक्शन लेते हुए कार्यवाही कर रहे हैं। मांग संदर्भ पर नियम अनुसार कार्यवाही की जा रही है। गाजियाबाद नगर निगम में आयोजित संभव जनसुनवाई के दौरान अधिकांश समस्याएं विजयनगर जोन से प्राप्त हुई, जिनका समाधान करने के लिए अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार को स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

## कांवड़ सेवा शिविर अनुमति के बिना नहीं लग पायेंगे

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** कांवड़ यात्रा मार्ग या फिर दिल्ली- मेरठ हाइवे पर हर वर्ष लगने वाले कावंड सेवा शिविर बिना अनुमति के किसी भी दशा में नही लग पायेंगे। शिविर संचालकों को अनुमति जरूर लेनी होगी। पुलिस प्रशासन की माने तो अभी तक केवल 55 कावंड सेवा शिविरों को अनुमति प्रदान की जा चुकी है। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि किसी भी दशा में बिना अनुमति के कांवड सेवा शिविर का संचालन नही होने दिया जायेंगा। शिविर लगाने से पहले समस्त ऑपचारिकताएं पूरी करनी आवश्यक होंगी। ठेली पटरी वालों को आधार कार्ड रखने की आवश्यकता नहीं है। गाइडलाइन के अनुसार ही दुकानें का संचालन किया जा सकता है। कांवड सेवा शिविर में सीसीटीवी कैमरा,काम करने वाले कर्मचारियों के पास आई कार्ड होना व साफ सफाई होना अनिवार्य है।

## विदेश में बैठे साइबर ठगों को सिम मुहैया कराने वाला गिरफ्तार

**नोएडा।** भारत में फर्जी आईडी पर सिम लेकर कंबोडिया, नेपाल, हांगकांग और थाईलैंड में साइबर ठगों को सप्लाई करने वाले वांटेड जालसाज झारखंड के पश्चिम सिंहभूम निवासी राहुल सिन्हा को नोएडा एसटीएफ की टीम ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी साइबर गैंग का सक्रिय सदस्य है। पुलिस ने उसके पास से तीन मोबाइल व एक लैपटॉप बरामद किए हैं। गिरोह के कई सदस्यों को एसटीएफ पहले गिरफ्तार कर चुकी है।

नोएडा एसटीएफ की टीम फर्जी आईडी पर सिम एक्टिवेट कर भारत के बाहर अलग-अलग देशों में चल रहे कॉल सेंटर व साइबर जालसाजों को सप्लाई करने की जांच कर रही है। मामले में एसटीएफ ने 21 अप्रैल को नेपाली नागरिक सुनील खड़का को गिरफ्तार किया था। इसी क्रम में एसटीएफ की टीम ने पश्चिम बंगाल के राजरहाट से 24 परगना निवासी राहुल सिन्हा को दबोच लिया। एसटीएफ की पूछताछ में पता चला कि 32 वर्षीय राहुल सिन्हा वर्ष 2014 तक जमशेदपुर में बीएसएनएल से लेकर टाटा टेलीकॉम सर्विसेज में सेल्स एग्जीक्यूटिव के पद पर काम किया है। इसके बाद वह कोलकाता आ गया। कोलकाता में भी उसने कई टेलीकॉल सर्विसेज में काम किया। वर्ष 2022 में उसका संपर्क नेपाल निवासी सुनील खड़का से हुआ।

सुनील को पहले ही एसटीएफ गिरफ्तार कर चुकी है। सुनील नेपाल, कंबोडिया से लेकर थाइलैंड समेत देशों में कॉल सेंटर चलाता था। इसके लिए सुनील को भारत के एक्टिवेटेड सिम की जरूरत होती थी।

इस काम में राहुल सिन्हा उसकी मदद करने लगा और साइबर फ्रॉड गैंग में शामिल हो गया।

### 10 हजार सिम भेजना था विदेश

गिरफ्तार राहुल जब अंतरराष्ट्रीय साइबर गिरोह में जुड़ गया तब उसे 10 हजार भारतीय सिम को एक्टिवेट कराकर नेपाल, थाईलैंड, कंबोडिया आदि देशों में भेजना था। इसमें से लगभग पांच सौ सिम इसने साइबर जालसाजों को उपलब्ध कराया था। कई सिम बिसरख पुलिस ने बरामद किया था।

इस मामले में बिसरख थाने में धोखाधड़ी समेत विदेशी अधिनियम में मुकदमा दर्ज है। एसटीएफ व बिसरख पुलिस एक चीन और एक नेपाली नागरिक समेत चार आरोपियों को पहले गिरफ्तार कर चुकी है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग इन दिनों क्रांतिकारी विधानसभा पर पूरा फोकस कर रहे हैं। लोनी की नहर पर गए तो अफसर भी बुलाए। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के ये भाव उनकी फेसबुक पोस्ट पर भी नजर आए। लोकसभा सांसद ने नहर के मुद्दे को अपनी फेसबुक पोस्ट पर भी उठाया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## बच्चों को तेज बहाव, तालाब व गड्ढों में नहाने से रोकें, जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

**ग्रेटर नोएडा।** जिला प्रशासन ने मंगलवार को नदी, तालाब व गड्ढों में डूबने से होने वाली मौतों को रोकने के लिए एडवाइजरी जारी की हैं। लोगों से कहा है कि बच्चों को तेज बहाव, तालाब और गड्ढों में जाने से रोकना होगा। अगर काफी ज्यादा जरूरत है तो केवल तैरना आने पर ही नदी व तालाब में उतरना होगा। तब भी सावधान रहने की जरूरत है। लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

पिछले वर्ष बरसात के दौरान पानी में डूबने से कई लोगों की मौत हो गई थी। इनमें बच्चे भी शामिल थे। बाढ़ के पानी भी में दो बच्चे डूब गए थे। साथ ही गड्ढे में भरे पानी में भी बच्चे डूबे थे। इन घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन ने इस बार समय से लोगों को अलर्ट किया हैं। अफसरों ने बताया कि अभिभावकों सतर्कता से बड़ा हादसा टाला जा सकता है।

### प्रशासन की एडवाइजरी

- खतरनाक घाट, तालाब व गड्ढों के किनारे जाने से बचना होगा।
- अगर तैरना आता है तो भी जरूरत में ही नदी, तालाब व घाटों पर जाए।
- अगर कोई डूब रहा है तो धोती, साड़ी, रस्सी या बांस की सहायता से बचाने का प्रयास करें। तैरना नहीं आता है तो बचाने के लिए पानी में नहीं जाएं।
- बच्चों को तालाब, पुल व तेज पानी के बहाव में स्नान करने और ऊंचाई से पानी में कूदने से रोकना होगा।
- यदि बहुत ही आवश्यक हो तो ही नदी के किनारे जाएं, गहराई का ध्यान रखें।